हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 16.06.2024 ● वर्ष : 14 ● अंक : 323 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# बद्रीनाथ हाईवे पर यात्रियों से भरा वाहन अलकनंदा नदी में गिरा, 12 की मौत



एजेंसी

**रुद्रप्रयाग :** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग-बदरीनाथ हाईवे पर रौतेली के पास 23 यात्रियों से भरी एक टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा नदी में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में 12 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। इस हादसे में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। वहीं मौके पर स्थानीय लोगों के साथ एसडीआरएफ, फायर विभाग, पुलिस प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीमें मौके पर रेस्क्यू कार्य कर रही हैं। दरअसल, शनिवार को बद्रीनाथ हाइवे से 5 किलोमीटर दूर रौतेली के पास एक 23 यात्रियों से भरी टेम्पो ट्रैवलर बस अनियंत्रित होकर अलकनंदा नदी में जा गिरी, जिसमें सवार 23 यात्रियों में से 15 यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया है। इनको तुरंत नजदीकी अस्पताल में रेफर किया गया है, जहां सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं अभी और यात्रियों को रेस्क्यू किया जा रहा है। मौके पर रुद्रप्रयाग एसपी डॉ वैशाखा खुद मौजूद हैं। साथ ही मौके पर स्थानीय लोगों के साथ ही एसडीआरएफ, फायर, पुलिस प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन, डीडीआरएफ समेत अन्य टीम मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन कर रही हैं। रुद्रप्रयाग एसपी डॉ वैशाखा ने बताया कि, हमको सूचना मिली कि 23 यात्रियों से भरी टेम्पो ट्रैवलर अचानक अनियंत्रित होकर रौतेली के पास अलकनंदा नदी में गिर गई है। तुरंत मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अभी तक 15 यात्रियों को हॉस्पिटल भेजा है, जिनकी हालत काफी सीरियस है। बाकियों को रेस्क्यू किया जा रहा है। वहीं अभी तक कितने यात्रियों की मौत हुई है, इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को शुरू हुए 1 महीने से ज्यादा का समय हो गया है। और हर दिन यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। यात्रा के साथ ही अब हादसे भी लगातार बढ़ने शुरू हो गए हैं।

## पीएम ने जताया शोक, आश्रितों को ₹2-2 लाख अनुग्रह राशि की घोषणा



**नयी दिल्ली :** इस हादसे पर शोक जताते हुए पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। इसमें अपने प्रियजनों को खोने वाले शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। वहीं पीएमओ से घोषणा की गई है कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को PMNRF से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।



सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एम्स में घायलों से की मुलाकात

## एक नजर

### मुख्यमंत्री से कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को मोरहाबादी स्थित आवास में जैप-2 की कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### देश के दिग्गज खेल पत्रकार हरपाल सिंह बेदी का निधन


**नई दिल्ली :** देश के जाने माने वरिष्ठ खेल पत्रकार और न्यूज एजेंसी यूनाइटेड न्यूज आफ इंडिया (यूएनआई) के खेल संपादक के पद पर रहे हरपाल सिंह बेदी का शनिवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। परिजनो के अनुसार श्री बेदी पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और उन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह उन्होने अंतिम सांस ली।

### लातेहार में दीवार को तोड़ते हुए घर में घुसा बोलेरो, पांच को रौंदा, एक की मौत

**लातेहार :** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के कोने गांव में शनिवार तड़के अनियंत्रित बोलेरो वाहन ने घर की दीवार तोड़ते हुए पांच लोगों को रौंद दिया, जिससे एक की मौत हो गई जबकि जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को लातेहार सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया है। बताया गया है कि शनिवार तड़के राजदेव लोहरा तथा घर के अन्य सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर घर की मिट्टी की दीवार को तोड़ते हुए अंदर घुस गया। वाहन की चपेट में राजदेव लोहरा समेत पांच लोग आ गए।

# मोदी 18 जून को वाराणसी से जारी करेंगे पीएम-किसान की 17वीं किस्त

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पीएम- किसान के अंतर्गत 20 हजार करोड़ रुपए की 17 वीं किस्त जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसानों को पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करने तथा कृषि सखियों के रूप में 30,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए 18 जून को वाराणसी का दौरा करेंगे। यह कार्यक्रम केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में श्री चौहान के अलावा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के मंत्री सहित कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए कृषि सबसे महत्वपूर्ण आधार है और कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव है। रोजगार के सबसे ज्यादा अवसर कृषि के माध्यम से ही सृजित होते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि और किसान पहले भी श्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे हैं जिसके चलते किसानों के कल्याण के लिए अनेकों कदम उठाए गये और अभी भी प्रधानमंत्री ने पद ग्रहण करने के बाद सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों को जारी करने को लेकर हस्ताक्षर किए।

## एनडीए सरकार अल्पमत की सरकार कभी भी गिर सकती है : खरगे



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि एनडीए सरकार 'गलती से बनी है' और इसका गिरना तय है। खरगे ने बेंगलुरु में कहा, एनडीए सरकार गलती से बनी है। मोदी जी के पास जनादेश नहीं है। यह अल्पमत की सरकार है। यह सरकार कभी भी गिर सकती है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि यह जारी रहे, देश के लिए यह अच्छा हो। हमें देश को मजबूत बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री की आदत है कि वे किसी अच्छी चीज को जारी नहीं रहने देते।

# बालू खनन माफिया को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला, दारोगा की उंगलियां काटीं

एजेंसी

**बेतिया :** बिहार के बेतिया से एक बड़ी खबर आई है, यहां बालू माफियाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। घटना मटियरिया थाना क्षेत्र के हौदा डुमरा गांव के नया टोला की है। बताया जा रहा है कि पुलिस को वहां अवैध खनन की सूचना मिल रही थीं। पुलिस को सूचना मिली थी कि शुक्रवार (14 जून) की रात को वहां बालू का अवैध खनन हो रहा है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष अंकित कुमार अपनी टीम के साथ रात के 2 बजे गांव पहुंचे और छापेमारी करते हुए आरोपी को दबोच लिया।



### पुलिस टीम पर लाठी-डंडे और तलवार से हमला


पुलिस जैसे ही रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्राली और पकड़े गए आरोपी को लेकर जाने लगी, वैसे ही माफियाओं ने तलवार, लाठी-डंडे से पुलिस पर हमला कर दिया। अपराधियों ने पुलिसकर्मियों को बुरी तरह पीटा। इतना ही नहीं, उन्होंने एक दारोगा की उंगलियां तक काट डालीं और थानाध्यक्ष को भी बुरी तरह मारा। फिर पुलिस की गिरफ्त से अपने साथी को छुड़ा कर फरार हो गए। इस घटना में तीन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल पुलिसकर्मियों का इलाज बेतिया जीएमसीएच में चल रहा है।

### हमले में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार : एसडीपीओ

नरकटियागंज के एसडीपीओ ज्यप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में कार्रवाई करने के लिए पुलिस की संयुक्त टीम हौदा डुमरा गई थी। उसी दौरान यह घटना घटी है। हमले में शामिल चार अपराधियों को गिरफ़्तार कर लिया गया है। हमले में दो अन्य पुलिसकर्मी शंभु खतईत और शंम्भु प्रसाद यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इनका इलाज चल रहा है।

# छत्तीसगढ़ : अबूझमाड़ में मुठभेड़, मारे गए 8 नक्सली, एक जवान शहीद, दो घायल

- घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ हथियार एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद।



एजेंसी

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला अंर्तगत महाराष्ट्र सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र के ग्राम कुतुल में शनिवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में नक्सलियों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। सुरक्षाकर्मियों ने 8 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ का एक जवान बलिदान और एसटीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे गये हैं। एक जवान बलिदान और दो जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ हथियार एवं अन्य नक्सल सामग्री के बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि संयुक्त अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव-कांकेर-दन्तेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ व आईटीबीपी 53वीं वाहिनी, बीएसफ 135 वीं वाहिनी का बल शामिल है। विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जायेगी।

बताया जा रहा है कि अभी मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीमावर्ती जिलों के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया है। यह ऑपरेशन अबुझमाड़ के कुतुल फरसबेड़ा कोड़तामेटा क्षेत्र में जारी है।

सामने आई जानकारी के अनुसार नारायणपुर जिले के माड़ में पिछले दो दिनों से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इलाके की सर्चिंग जारी है। शवों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। मुठभेड़ में शामिल जवानों ने बड़ी संख्या में नक्सलियों के घायल और मारे जाने की संभावना व्यक्त की है।

पुलिस को कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के बाद संयुक्त अभियान में नारायणपुर-कोण्डागांव- कांकेर- दन्तेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ व आईटीबीपी 53वीं वाहिनी, बीएसफ 135 वीं वाहिनी बल के करीब 1400 जवानों को अभियान के लिए रवाना किया गया था।

उल्लेखनीय है कि पिछले तीन दिनों से नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एक दिन पहले 14 जून को भी जवानों की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों के साथ दिनभर रुक-रुक कर गोलीबारी हुई थी। 15 जून की सुबह से फिर से मुठभेड़ शुरू हुआ, जिसमें 8 नक्सली मारे गये।

सिकल सेल एनीमिया जागरूकता दिवस

सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क जाँच कराएं

सिकल सेल रोग क्या है?
- सिकल सेल अनुवांशिक रोग होता है.
- जब तक खून की जाँच नहीं करायी जाए रोग का पता नहीं चलता.
- परिवार के वैसे सदस्य, जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं.
- जाँच जरूरी है, नहीं तो मरीज को अन्य शारीरिक जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है.
- परिवार में किसी को सिकल सेल एनीमिया हो, तो परिवार के सभी सदस्य सिकल सेल जाँच जरूर कराएं.

सिकल सेल एनीमिया के लक्षण
- एनीमिया/पीलापन दिखाई देना.
- बार-बार संक्रमण/बीमार होना.
- थकान, बुखार एवं सूजन तथा कमजोरी महसूस करना.
- रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना.
- जोड़ों में दर्द या सूजन.
- छाती में दर्द, साँस फूलना, पीठ/पेट में दर्द.

रोगी क्या नहीं करें :-
- ज्यादा गर्मी या धूप में बाहर नहीं निकलें.
- ज्यादा ऊँचाई वाले पहाड़ों, हिल स्टेशन पर न जाएँ.
- ज्यादा ठण्ड में बाहर जाने से बचें.
- समय-समय पर डॉक्टर की सलाह लें.

बच्चों की देखभाल :-
- बच्चे को सिकल सेल एनीमिया हो, तो स्कूल के प्रिंसिपल/प्राचार्य तथा कक्षा शिक्षक को इसकी जानकारी दें.
- स्कूल में शारीरिक श्रम/व्यायाम या भारी काम न करवाने की जानकारी शिक्षक को दें.
- कक्षा में पीड़ित बच्चे को बार-बार पेशाब आने पर शिक्षक शौच जाने की अनुमति दें.
- शिक्षक को आपातकालीन लक्षणों की जानकारी दें.

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना की जानकारी हेतु निःशुल्क डायल करें (टॉल फ्री) नम्बर-14555/10883456540

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी/शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 326601 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

एक नजर

## नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बड़कागांव** : 2024 नीट परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप को लेकर अधिकार सेना आस पार्टी के बड़कागांव से घोषित विधानसभा प्रत्याशी हजारीबाग जिला पार्टी अध्यक्ष मोहम्मद हसन ने अपने समर्थकों के साथ हजारीबाग के वरीय पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर 2024 नीट की परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। जिसमें मुख्य रूप से अधिकार सेवा आस पार्टी उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल सचिव विवेक कुमार, हजारीबाग जिला अध्यक्ष ललन तुरी, हजारीबाग जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार , हजारीबाग जिला सचिव मनोहर कुमार महतो, हजारीबाग कार्य समिति सचिव मुकेश कुमार एवं अन्य शामिल थे।

## पुलिस अधीक्षक ने की क्राइम मीटिंग

**हजारीबाग** : पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने क्राइम मीटिंग किया जिसमे जिले भर के विभिन्न थाना, ओपी प्रभारी , पुलिस उपाधीक्षक व अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए ' क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना में लंबित काण्ड की समीक्षा करते हुए जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया, साथ ही साइबर अपराध को लेकर विशेष सतर्कता बरतने व साइबर अपराध से बचाव हेतु जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाने को कहा' एसपी ने विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने का निर्देश देते हुए स्थानीय जनता से मित्रवत सम्बन्ध स्थापित करने को कहा ताकि अपराध नियंत्रण के साथ समाज में पुलिस के प्रति सहयोग की भावना को अधिक मजबूत किया जा सके। बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक सी. सी. आर., अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विष्णुगढ़ समेत सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी मौजूद थे।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, आईआरबी जवान की मौत



**खूंटी** : जरियागढ़ थाना क्षेत्र के तोरपा–कर्रा मुख्य पथ के बाला डुमारी गांव के समीप शनिवार को कार और मोटरसाइकिल की हुई भिड़ंत में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ऑस्कर हेमरोम (36) के रूप में की गई। वह तोरपा थाना के बारकुली रायटोली का रहने वाला था और इंडिया रिजर्व बटालियन धुर्वा में पदस्थापित था। जानकारी के अनुसार ऑस्कर हेमरोम बारकुली राय टोली स्थित घर से मोटरसाइकिल से रांची जा रहा था। इसी दौरान बाला डुमारी गांव के पास तेज गति आ रही एक कार ने अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दी। इससे ऑस्कर गिर गया और वहीं उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जरियागढ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा।

# कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने किशोरी प्रसाद के परिवार से की मुलाकात, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : कटकमदाग प्रखंड के पसई पंचायत के बानादाग गांव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने बिजली मिस्त्री स्व. किशोरी प्रसाद कुशवाहा के आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। इस दौरान मुन्ना सिंह जी ने परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया और उनका ढांढस बंधाया। ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पहले स्व. किशोरी प्रसाद कुशवाहा की 11000 वोल्ट के तार की मरम्मत के दौरान करंट लगने से दुखद मृत्यु हो गई थी। इस घटना के चलते बानादाग गांव में शोक की लहर है। मुन्ना सिंह ने इस घटना के बारे में बात-चीत करते हुए कहा कि, मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं और इस कठिन समय में मैं उनके साथ



खड़ा हूं। उन्होंने स्व. किशोरी प्रसाद कुशवाहा की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए, उनके परिवार को सभी आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। मुन्ना सिंह ने भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए बिजली विभाग से सुरक्षा उपायों को मजबूत करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सभी बिजली मिस्त्रियों को सुरक्षा उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान कराना आवश्यक है, ताकि इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों। बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजीत सिंह,सुधीर कुमार कुशवाह, नारायण महतो, नरेश कुशवाहा रंजीत यादव , उपेंद्र कुशवाहा, अजय कुमार , अदित्य कुमार, प्रमोद कुमार , मासुक अली, सुरज कुमार, चंदन कुमार, आकाश कुमार, उपेंद्र महतो , जामुन महतो, भोला प्रसाद, मनोज कुमार, जितेन्द्र कुमार , रोशन कुमार, राहुल कुमार, शहादेव प्रसाद, शर्वन कुमार, विकास कुमार कुशवाह, रंजीत यादव, मनोज प्रसाद, रोहित कुमार , संदीप कुमार , मोहन कुमार ,शोहन प्रसाद, राजा कुमार यादव, राकेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार, रोहित कुमार, टिंकू कुमार संदीप कुमार बिट्टू कुमार रोहित कुमार मिथुन कुमार अजय कुमार राहुल कुमार राजेश कुमार बबलू कुमार मनोज प्रसाद इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# वैश्विक स्तर पर भद्रकाली की पहचान का विस्तार होना चाहिए : रेखा शर्मा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**इटखोरी** : डॉ. प्रो. मनीष कुमार वाइस प्रेसिडेंट महाबोधी सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. हरीश सांकृत्यायन चैयरमैन ऑफ वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन रांची, रेखा शर्मा ट्रूस्टी ऑफ वर्ल्ड बुद्धा फाउंडेशन एंड मैंबर ऑफ बीजेपी ने शनिवार को मां भद्रकाली मंदिर पहुंचकर मां की पुजा अर्चना की ' इसके बाद उनलोगो ने बौद्ध यस्तुप कोटेश्वर नाथ, म्यूजियम पहुंचकर वहां रखे अवशेषों का अवलोकन किया एवं वहा रखे अवशेषों का विशेष जानकारी ली ' पूजा अर्चना के बाद डॉ हरीश संस्कृतयान ने कहा कि इटखोरी बुद्धस्मरणीय जगह है। यहां वो तपस्या करने आए लेकिन धार्मिकों के आने जाने से उन्होंने इस जगह का त्याग किया और यहाँ से बोधगया चले गए। तपस्या की ज्ञान प्राप्त हुआ है। यह बहुत ऐतिहासिक और पुरानी जगह है। सरकार को इस जगह का विकास करना चाहिए। वहीं मिस रेखा शर्मा ने कहा कि झारखंड की मिट्टी पर है और झारखंड की धरोहर है। यह हमारा दूसरा भ्रमण है। यह बुद्धिस्ट से संबंधित आए है इसके लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमि है। भगवान बुद्ध ने यहां तपस्या की। जो ज्ञान प्राप्त हुआ। उससे पूरी दुनिया प्रभावित है। हम चाहेंगे पूरे विश्व में इस जगह का प्रचार प्रसार हो। हम झारखंड सरकार और भारत सरकार से इस जगह का विकास की मांग करते है। वहीं डॉक्टर प्रोफेसर मनीष कुमार ने कहा कि लोगों से अपील करते हैं कि इस जगह पर अधिक से अधिक संख्या में बौद्धिस्ट आएं ताकि इस जगह का प्रचार प्रसार हो और इस जगह का विस्तार हो।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के सम्मान समारोह की तैयारी पूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : नई दिशा के कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि 16 जून को अपराह्न 12:15 बजे से 1:15 तक महाराजा अग्रसेन भवन रांची मे नई दिशा के तत्वाधान मे आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। सम्मान समारोह कार्यक्रम मे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद श्री संजय सेठ का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार पधारे श्री संजय सेठ का एक ही स्थान पर आयोजित भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम मे रांची के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। जिसमें 55 से भी अधिक संस्थाओं तथा प्रबुद्धजनों द्वारा रक्षा राज्य मंत्री का



स्वागत एवं अभिनंदन कर सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि रांची के सांसद को रक्षा राज्य मंत्री का विशिष्ट स्थान मिलना पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सर्व समाज के सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि सम्मान समारोह कार्यक्रम मे समय पर पधारे। सम्मान समारोह कार्यक्रम के तैयारीयों में नई दिशा के मुकेश काबरा, मनीष लोधा, अमित चौधरी, सौरभ बजाज, सनी टिबडेवाल, सुनील पोद्दार, संतोष सेठ, यस सुरेखा, ललित ओझा, श्री राम शर्मा, मनोज कुमार एवं संजय सर्राफ अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैं।

# 19-20 जून को सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : राज्य परियोजना निदेशक राँची झारखण्ड के निदेशानुसार 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 में भाग लेने के लिए प्रखण्ड बरही अन्तर्गत 19 जून से 20 जून तक प्रखण्ड स्तरीय खेल का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रखण्ड स्तरीय खेलकुद 19 जून से प्रातः 05 बजे से दोनो दिन प्रखण्ड मैदान बरही में खेला जाएगा। प्रखंड संसाधन केंद्र बरही द्वारा निर्गत पत्र के अनुसार सभी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को अपने विद्यालय के चयनित खिलाड़ियों का विहित प्रपत्र में सूचना बीआरसी बरही में दिनांक 18 जून को 12 बजे अपराह्न तक हर हाल में जमा करेंगे तथा प्रत्येक फॉर्म में प्रधानाध्यापक का हस्ताक्षर एवं मुहर होना अनिवार्य है। सभी प्रधानाध्यापक अपने खिलाडियों के साथ विद्यालय के शिक्षक की सुरक्षा में भेजेंगे। खिलाडी सभी जर्सी एंव बुट में आएंगे साथ ही अभ्यास के लिए अपने विद्यालय का फुटबॉल भीसील लेकर आएंगे। इस प्रतियोगिता के तैयारी के लिए जिम्मेवारियां भी सौंप दी गई है। बताया कि उद्घाटन के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप-प्रमुख, बीस सुत्री अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि इत्यादि को आमंत्रित किया जा रहा है।




# सिलवार कला क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट आज से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग में खेल को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है इसी प्रयास के बीच सेवा सहयोग समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के विशेष सहयोग से सिलवर कला क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट के तत्वाधान में नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन 16 जून रविवार से किया जा रहा है इस आयोजन में विजेता टीम में प्रथम पुरस्कार 21 हजार एवं द्वितीय पुरस्कार 11 हजार निर्धारित किया गया है, टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों में काफी उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। खेल आठझआठ ओवर का होगा इस टूर्नामेंट में खेलने वाले प्रत्येक टीम के लिए एक जूता एवं जर्सी अनिवार्य रखा गया है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट आयोजित होने से खिलाड़ियों में खेल के प्रति काफी ऊर्जा संचालित




होती है, ऐसी टूर्नामेंट हमेशा आयोजित होते रहनी चाहिए ताकि खिलाड़ियों का सपना पूरा हो सकें और उनके पीछे छिपी कला सभी के सामने आ सकें। आयोजक मंडली ने का बताया कि टूर्नामेंट को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है आठ ओवर का मैच निर्धारित किया गया है टूर्नामेंट को लेकर आसपास के क्षेत्र के लोग एवं खिलाड़ियों में काफी ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रही है इस टूर्नामेंट को देखने के लिए हजारीबाग वासी सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में अध्यक्ष कमलेश रजक उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति,सचिव सेवा कुमार यादव, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, लेखापाल,रवि कुमार रजक, व्यवस्थापक सुजित कु० यादव सहयोगकर्ता में कौलेश्वर रजक, उमेश प्रसाद, नेमी राम, मुक्खतार अंसारी, नवल मेहता, राहुल यादव, विजय यादव, अभिषेक मेहता, ललन यादव, सुजित प्रजापति, मनोज कुमार, पिंटू कुमार,अकरम, साहिल, फरदिन, चन्दन, अभिषेक, सचिन, सुजित मेहता,बबलू गांगुली, महेश रविदास, दिवाना, रीतिक, मनीष, जुबैर, रवि कुमार, आन्नद सहित कई लोग शामिल है।

# जिला परिषद चेयरमैन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने शनिवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान समस्याओं और जनहित मुद्दो से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया की झारखण्ड पंचायती राज अधिनियम, 2001 के धारा 77 (ख) के अनुपालन में डीआरडीए में कार्यरत सभी कर्मी (झारखण्ड सरकार के स्थायी सरकारी कर्मचारी/पदाधिकारी को छोड़कर को जिला परिषद् में समायोजित करने हेतु डीआरडीए का जिला परिषद् में विलय प्रक्रिया का निर्धारण किया जाना था। जिसके बाद जिला ग्रामीण विकास अभिकरण पूर्ण रूप से जिला परिषद के अंतरित हो जायेंगे और उसमें निहित रहेंगे और उसका निर्वहन तथा अनुपालन संबंधित



जिला परिषद् द्वारा किया जाता। मगर अब तक डीआरडीए को जिला परिषद में विघटित नही किया गया है तथा डीआरडीए प्रशासन के सभी कर्मी, अस्तियाँ एवं निधिं जिला परिषद में समाहित हो जाती। डीआरडीए के जिला परिषद में समाहित नही होने के कारण जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं के संचालन में कठिनाई हो रही। अन्य राज्यों यथा राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, असम एवं उडीसा में डीआरडीए की जिला परिषद् में विलय की प्रक्रिया पूर्ण किया गया है। यहां भी डी आर डी ए को जिला परिषद में विघटित करने का आग्रह किया है। इसके अलावा जमीन खरीद बिक्री के लिए एलपिसी को अधिकतम 15 दिनो में निर्गत करवाने का आदेश पारित करने का आग्रह किया है।

संक्षिप्त खबरें

## बकरीद को लेकर ओपी पेलावल थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**कटकमसांडी** : कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के ओ पी पेलावल थाना परिसर में अंचल निरीक्षक बिनोद कुमार के अध्यक्षता में बकरीद पर्व शांति पुर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। ओ पी पेलावल थाना प्रभारी शाहीना परवीन ने कहा कि बकरीद पर्व पर आपसी सहयोग, और शांति पुर्ण तरीके से मनाने का अपील किया है,। थाना परिसर में बकरीद पर्व बैठक में ओ पी पेलावल थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मौके पर उपस्थित , कटकमसाडी अंचल राजस्व पदाधिकारी राजकुमार सिंह,समाजसेवी विरेन्द्र कुमार उर्फ बिरू,पेलावल दक्षिणी मुखिया नूरजहां,गदोखर पंचायत मुखिया नारायण साव ,मोहन महतो,मिशबहुल अंसारी, अशोक राणा, कुणाल यादव,पिंटू यादव, अखलाक अहमद,पबरा पंचायत पुर्व मुखिया पति सरयू राम , प्रकाश कुशवाहा, कटकमसाडी पुर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर,खुटरा पंचायत मुखिया पति ताहिर सेख, बब्लू अंसारी, निसार खान, शबनम प्रवीण, गुलाम सरवर, मौजूद थे।

## कल होगी मंडा पूजा, चेपाकला में तैयारी जोरों पर



**बड़कागांव** : जहां एक और कड़कड़ती धूप और भीषण गर्मी से व्याकुल बूंदझ बूंद पानी के लिए तरस रहे जीव जंतु वही आस्था का पर्व बनास मेला में शिवा भक्तों द्वारा माता पार्वती को लेकर गांव जेठ मास की तपती धूप लोहे के भांति ग्राम धरती पर नंगे पांव, नंगे बदनऔर निर्जला उपवास कर भ्रमण और भिक्षा मांग कर 15 दिवसीय मंडप पूजा 17 जून का आयोजन को लेकर पूजा समिति व ग्रामीण मेला मैं आए हुए भक्तों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार किया असुविधा ना हो और शांतिपूर्ण ढंग से मेला संपन्न हो इसको ध्यान में रखते हुए पूजा समिति व ग्रामीण दिन–रात मेहनत कर रहे हैं। पूजा समिति के सचिव उमेश महतो ने पूजा को विस्तृत रूप से बताते हुए बताया कि हमारे गांव में पूर्वजों के समय से कई वर्षों से शिव भक्त 24 घंटे तक उपवास कर दहकते हुए अंगारों पर पैदल चलकर अपनी भक्ति का और शक्ति का परिचय देते हैं। उसके बाद 60 फीट लंबे लट्ठे में झूलते हैं। पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेश राणा ने बताया कि मेले मैं श्रद्धालुओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी आर्केस्ट्रा का भी व्यवस्था रखा गया है।

## खूंटी में गायत्री जयंती के साथ गुरुदेव का महाप्रयाण दिवस मनाया



**खूंटी** : गायत्री प्रज्ञा पीठ खूंटी में शनिवार को गायत्री जयंती के साथ गुरुदेव का महाप्रयाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रज्ञा पीठ खूंटी परिसर में प्रातः छह बजे से संध्या छह बजे तक सामूहिक अखंड जाप का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में स्थानीय साधकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। सायंकाल में दीपयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें शांतिकुंज से आए परिव्राजक चंदन मोदी ने गायत्री जयंती पर प्रकाश डालते हुए गुरु महिमा का बखान किया। साथ ही युग निर्माण की इस दैवीय योजना में सभी श्रद्धालुओं से बढ़-चढ़ कर भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय गायक अमित किरण के गाए गीत पर श्रोता झूमते रहे। दीपयज्ञ में वैदिक मंत्रों के सस्वर गायन के साथ समस्त विश्व के कल्याण की कामना करते हुए यज्ञाहुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल की ब्यूटी मिश्रा, सीमा सिंह, विभूति कश्यप सहित अन्य सदस्यों का भरपूर योगदान रहा।

## बिजली कटौती, लो वोल्टेज और अन्य समस्याओं को लेकर सांसद मनीष जायसवाल ने अधिकारियों संग की बैठक



**हजारीबाग** : लोकसभा क्षेत्र में प्रचण्ड गर्मी के बावजूद व्याप्त बिजली की आंख– मिचौली और अव्यवस्था को लेकर हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल ने जनहित में पहल करते हुए शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की और क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्या और बिजली से संबंधित अव्यवस्था के त्वरित समाधान का दिशा–निर्देश दिया । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बिजली विभाग के अधिकारियों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती, शहरी क्षेत्र में लॉ– वोल्टेज, विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु अतिरिक्त ग्रीड निर्माण की दिशा में पहल करने, विभिन्न क्षेत्र में जले हुए ट्रांसफार्मर को अविलंब बदले जाने, नए बस्तियों में तत्काल विद्युतीकरण कराने, आवश्यकता अथवा उपभोक्ता की की व्यवस्था के अनुसार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर को अपग्रेड करने जैसी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसे गंभीरता से लेकर पहल करने का दिशा– निर्देश दिया। मनीष जायसवाल ने बताया की बिजली कटौती और लॉ वोल्टेज के साथ बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है जिसे लेकर रामगढ़ और हजारीबाग जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर जनहित में कई सुझाव दिए गए हैं अगर जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आगे की रणनीति बनाकर कार्य करेंगे ।

## एक नजर

### आरवीएस इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अश्वनी का निधन

**बोकारो** : रणविजय स्मारक इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अश्वनी कुमार सिंह का शनिवार को अकस्मात हृदयघात से निधन हो गया। डॉ अश्वनी कुमार सिंह रणविजय स्मारक इंटर कॉलेज में 2016 से प्राचार्य बने थे। इसके पूर्व में वनस्पति विज्ञान के अध्यापक भी रह चुके हैं। उनकी तीन पुत्रियां हैं। उनकी बड़ी पुत्री बारवी सिंह ने शनिवार को चास गरगा घाट पर इन्हें मुखाग्नि दी। डॉ अश्वनी कुमार सिंह भागलपुर टीएनबी कॉलेज से शिक्षा दीक्षा प्राप्त किए थे। इन्होंने वनस्पति विज्ञान से एमएससी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की थी। उसके बाद इन्होंने पीएचडी किया। वे शुरू से ही मेधावी छात्र थे। शोकसभा में आरवीएस कॉलेज के प्राचार्य आर डी उपाध्याय, प्रोफेसर एस एन पी सिंह, प्रभाशंकर सिंह ,डॉ जे एन सिंह ,एके सिंह, डा. राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार, आलोक कुमार चतुर्वेदी, एसके सिंह, यू पी सिंह प्रोफेसर एन पांडे, कमलेश सिंह, मनोज, सुबोध व डॉ सी एम सिंह आदि शामिल रहे।

### आरएमपी में सीमित स्थान में सुरक्षा विषय पर हुई कार्यशाला

**बोकारो** : 15 जून को बीएसएल के आरएमपी विभाग में सीमित स्थान विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाप्रबंधक एस के दास तथा आरएमपी और सेफ्टी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका कर्मी उपस्थित थे। वरीय प्रबंधक , श्री शिशिर कुमार ने इस विषय पर एक प्रस्तुतीकरण द्वारा विस्तृत जानकारी दी। एस के दास ने सभी से सीमित स्थान से जुड़े सेफ्टी एवं खतरों के प्रति हमेशा सजगता बरतने का सुझाव दिया। कार्यशाला में इस विषय पर गहनतापूर्वक चर्चा की गई. उपस्थित सभी के विचार एवं प्रश्नोत्तरी के साथ कार्यशाला समाप्त हुआ।

### बीएसएल में स्टील उत्पादन प्रक्रिया में स्क्रैप के विकल्प के रूप में स्लज ब्रिक्स का उपयोग


**बोकारो** : सेल-बोकारो स्टील प्लांट ने सेल के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फॉर आयरन एंड स्टील के सहयोग से सस्टेनेबल स्टील उत्पादन की दिशा में एक बड़ी पहल करने में सफलता हासिल की है। बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद तथा अधिशासी निदेशक , रांची संदीप कर के नेतृत्व में आरडीसीआईएस और बीएसएल की संयुक्त टीम ने इस्पात उत्पादन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न होने वाले मिल स्केल और स्लज जैसे उच्च लौह युक्त अपशिष्टों को रिसाइकिल कर स्लज ब्रिक्स सफलतापूर्वक विकसित और निर्मित किया है। सेल में पहली बार और संभवतः इस्पात उद्योग में पहली बार 15 जून 2024 को स्लज ब्रिक्स को बीएसएल के स्टील मेल्टिंग शॉप के कन्वर्टर्स में चार्ज किया गया।

### प्राचार्य अरुण मिंज के मार्गदर्शन में हुई दो दिवसीय संगोष्ठी

बोकारो : संत जेवियर विद्यालय में 14 जून एवं 15 जून 2024 को दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रथम दिवस में विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज एस. जे. के द्वारा इग्नेशन स्प्रीचुअलिटि का हमारे जीवन व शिक्षा में महत्व बताया गया। इग्नासियन आध्यात्मिकता रोजमर्रा की ज़िंदगी के लिए आध्यात्मिकता है। यह इस बात पर जोर देता है कि ईश्वर हमारी दुनिया में मौजूद है और हमारे जीवन में सक्रिय है। यह गहरी प्रार्थना, गहरी सूझ-बूझ से निर्देशित अच्छे फैसले और दूसरों की सेवा के लिए सक्रिय जीवन जीने का मार्ग है।

# साइकिलों का शिविर लगाकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कराएं वितरण : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : शनिवार को वीडियो संवाद के माध्यम से उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा की। वीसी के माध्यम से वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी /अंचलाधिकारी , प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत अन्य शामिल हुए। उपायुक्त ने क्रमवार विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम , साइकिल वितरण योजना एवं अबुआ वीर दिशोम अभियान के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत एक माह में आगामी 15 जुलाई 2024 तक 3500 लाभुकों को योजना से आच्छादित करने का निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी बीडीओ/सीओ एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को दिया।

उपायुक्त ने विभाग द्वारा स्कूली छात्रों को दिए जाने वाले साइकिल योजना की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिले के 18 हजार छात्रों के बीच साइकिल वितरण किया जाना है। साइकिल का एसेंबल कार्य प्रगति पर है, लगभग छह हजार साइकिल वितरण को तैयार है। इस पर उपायुक्त ने तिथि निर्धारित करते हुए शिविर लगाकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों उनके प्रतिनिधियों पंचायत प्रतिनिधियों आदि के माध्यम से शिविर लगाकर साइकिल का वितरण शुरू करने का निर्देश दिया। कहा कि जैसे जैसे साइकिल का एसेंबल कार्य पूरा होगा, वैसे वैसे साइकिल वितरण कार्य को भी पूरा करें। इस कार्य को जल्द पूरा करना है।

उपायुक्त ने 11 जून से शुरू हुए अबुआ वीर दिशोम अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा आहतार्धारियों से आवेदन प्राप्त कर योजना से लाभांवित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पूर्व में प्राप्त आवेदनों की भी पुनः जांच कर/त्रुटि सुधार कर योग्य लाभुकों को योजना के तहत वन अधिकार पट्टा देने की कार्रवाई करने को कहा। उपायुक्त ने सभी योजना की प्रगति की मानीटरिंग अपर समाहर्ता एवं जिला कल्याण पदाधिकारी नियमित करने और प्रगति का प्रतिवेदन प्रतिदिन उन्हें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## कतरास मोड़ में सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर उमड़े लोग




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : झरिया का कतरास मोड़ शनिवार को वीर सूर्यदेव सिंह अमर रहे के नारे से गूंज रहा था। जगह-जगह से जन सैलाब उमड़ पड़ा था। ढोल नगाड़े के थाप पर नाचते- गाते लोग पहुंचे थे। उमस भरी गर्मी में लोग अपने आप को इस कार्यक्रम में आने से रोक नहीं पाये। सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहा। दूर दराज से लोग अपने लोकप्रिय विधायक स्व. सूर्यदेव सिंह की 33वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। कोलियरी क्षेत्रों से पैदल एवं मोटरसाइकिल जुलूस के साथ बारी-बारी से लोगों का पहुंचना अपने आप में एक अलग ही नजारा दिख रहा था। कतरास मोड़ स्थित स्व. सूर्यदेव सिंह चौक से लेकर जमसं कार्यालय और आसपास के क्षेत्र समर्थकों से खचाखच भरा हुआ था। स्व. विधायक की पत्नी कुंती सिंह बहू भाजपा नेत्री रागिनी सिंह और सिद्धार्थ गौतम श्रद्धांजलि सभा में लोगं की मेजबानी में स्वयं खड़े थे। सबसे पहले सूर्यदेव सिंह की पत्नी व पूर्व विधायक कुंती सिंह ने श्रद्धांजलि दी। उनके साथ विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह, पुत्री राज नंदनी, पुत्र सूर्यांश, किरण देवी ने भी श्रद्धांजलि दी। इनके साथ धनबाद के पूर्व सांसद पी एन सिंह, विधायक राज सिन्हा पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह निर्वर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय भाजपा नेता नंदू अग्रवाल एलबी सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी।

## रेलवे कर्मी के आवास से पन्द्रह लाख की हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रेलवे स्टेशन के समीप स्थित रेलवे कॉलोनी के आवास संख्या डीएस वन 5 सी से बीती रात चोरों ने 15 लाख रुपए की गहने की चोरी कर ली। घटना बालीडीह थाना क्षेत्र की बतायी जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। घटना के बारे में मकान मालिक राजकिशोर झा ने बताया कि वे पेशे से रेलवे ऑपरेटर हैं जो नाइट शिफ्ट में ड्यूटी चले गए थे। जब वे सुबह लौटे तो उनके आवास का मुख्य गेट के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर समान बिखरा पड़ा था। गोदरेज में रखे गए गहने गायब थे। उन्होंने इस घटना की सूचना बालीडीह पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल पाई है। बतातें चले कि बोकारो रेलवे आवासीय कॉलोनी में आए दिन चोरी की लगातार घटनाएं हो रही है। चोर रेलवे प्रशासन और बालीडीह पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रहीं है।

## मायुमो ने मनाई ए. के. राय की जयंती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : शनिवार को मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने मासस केंद्रीय कार्यालय टेंपल रोड, पुराना बाजार एंव सेंट्रल हॉस्पिटल मोड़ नूतन डीह, सरायढेला, धनबाद में पूर्व सांसद कॉमरेड ए. के. राय की 89 वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा की कॉमरेड ए. के. राय एक सच्चे कम्युनिस्ट एवं क्रांतिकारी थे। उन्होंने तमाम शोषण से मुक्ति का रास्ता मार्क्सवाद का भारतीय करण बताया। कॉमरेड ए के राय ने कोयलांचल ही नहीं पूरे झारखंड में संघर्षों का एक मिसाल कायम किया। झारखंड आंदोलन हो या माफिया संस्कृति, रंगदारी,भ्रष्टाचार के खिलाफ यहां के मेहनतकश जनता को गोलबंद कर व्यापक संघर्ष किया। कॉमरेड ए. के. राय यहां के मेहनतकश, दलित, उत्पीड़ित एवं वंचित लोगों का आवाज थे। झारखंड आंदोलन को समाजवादी दिशा देने का प्रयास किया। जिसका मिसाल लाल हरा मैत्री रहा। तीन बार विधायक एंव तीन बार सांसद रहे कॉमरेड ए. के.राय के पास अपनी संपत्ति नाम की कोई चीज नहीं था।वह हमेशा लोगों की सुख-दुख को अपनाया। मजदूर - किसानों की हक की लड़ाई में इतने रम गए थे कि खुद शादी नहीं की। एक जोड़ी कपड़े, टायर का चप्पल पहन कर पूरा जीवन सादगी से व्यतीत किया। झारखंड सरकार से मांग है कि बच्चों की पाठय - पुस्तक में कॉमरेड ए. के. राय की जीवनी वर्णित की जाए। माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष सिंह, मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, विश्वजित राय,सत्यनरायण सिंह, आर. पी. महतो, भक्तू महतो, समीर गोस्वामी, अशोक पासवान, विमल महतो, बबलू रजक, राजन महतो, संजय महतो,मंटू महतो, शंकर दास, रोहित ठाकुर, धीरन दास आदि शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड में सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल. प्राप्त जानकारी के अनुसार बसिया प्रखंड के इटाम गांव से कोलेबिरा प्रखंड के नवाटोली पंचायत अंतर्गत बेलवाटोली गांव एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में भाग लेने अपनी मोटरसाइकिल जिसका नंबर जेएच 01सी एच 7378 से इटाम निवासी टूनिया पहान। लायकेरा निवासी अजय बागे एवं डाड़टोली निवासी चामु सोरेन आ रहे थे तीनों कोलेबिरा प्रखंड के नवाटोली आम बगीचा स्थित मां गायत्री पेट्रोल पंप में अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल डालने के लिए जैसे ही गाड़ी मोड़ा विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर जिसका नंबर एनएल 01ए एच 3692 के चपेट में आ गए. टेलर के चपेट में आ जाने के कारण अजय बागे एवं चामू सोरेन की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही। टूनिया पहान गंभीर रूप से घायल हो गय। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घायल टुनिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा उसकी प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया. वहीं दूसरी ओर दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक ट्रेलर को लेकर तेजी गति से कोलेबिरा की ओर भागने लगा जिसे स्थानीय युवकों के द्वारा मोटरसाइकिल से पीछा कर कोलेबिरा मुख्य चौक के समीप रोक के कोलेबिरा पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए सिमडेगा भेज दिया।

# विशेष शिविर में ऑन स्पॉट निष्पादित हुए दर्जनों मामले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : शनिवार को जिले के सभी प्रखंड कार्यालयों में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचलाधिकारियों की अगुवाई में ऑन स्पॉट दर्जनों मामलों का निष्पादन करके सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन चास, चंदनकियारी, गोमिया, बेरमो, जरीडीह, नावाडीह, चंद्रपुरा, कसमार एवं पेटरवार प्रखंड परिसर में किया गया। पदाधिकारियों ने प्रखंड परिसर में लगे विभिन्न योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया। शिविर में उपस्थित लोगों के बीच क्रमवार बीडीओ/सीओ एवं प्रखंड स्तरीय अन्य अधिकारियों ने समस्या सुनी। मौके पर विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नये आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड में सुधार, नया बैंक खाता खोलने, आधार कार्ड का बैंक खाता से मैपिंग करने, सुकन्या योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना, एस.एच.जी बैंक क्रेडिट लिकेंज, मनरेगा जाब कार्ड, मनरेगा के तहत आधार सिडिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, राशन कार्ड में नाम सुधार हेतु, राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने, अबुआ आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), बैंक केवाइसी, आयुष्माण कार्ड, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, कृषि यंत्र योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। कई आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादित किया गया। जबकि कई आवेदनों को क्रमवार आहर्ता अनुरूप निष्पादित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कोयलांचल की जनता ने करीब 20 माह तक चलाया अहिंसात्मक आंदोलन




**कतरास (धनबाद)**: रेल आंदोलनकारियों ने शनिवार को कतरासगढ़ स्टेशन पहुंचकर 8 वां विरोध दिवस मनाया। इस दौरान तिरंगा झंडा के साथ कतरासगढ़ पहुंचे रेल आंदोलनकारी पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि भारत सरकार ने डीसी रेल लाईन के नीचे आग होने का झूठा रिपोर्ट दिखाकर 15 जून 2017 को हमेशा-हमेशा के लिए बंद कर दिया था। लेकिन कतरास कोयलांचल की जनता ने करीब 20 महिना तक लंबा अहिंसात्मक आंदोलन चलाया। मजबूर होकर सरकार को धनबाद- चंद्रपुरा रेल लाईन को पुनः चालू करना पड़ा। यह जनता की जीत थी। उस काले दिन को रेल आंदोलनकारी आज भी याद कर सरकार और सरकारी तंत्र की कुनीनियों का विरोध करते है। रेल आम जनता की सेवा है। गरीबों को लाभ से बंचित करने की साजिश है। श्री झा ने कहा कि डीजीएमएस के उचाधिकारी चुनाव से पहले चुप्पी साधे हुए थे और चुनाव संपन्न होते ही सरकार की तोता की तरह बोलने लगे हैं कि डीसी को आग से खतरा है. आग की बात पुरी तरह से फर्जी हैं।

### दुष्कर्म पीड़ितों के दर्द बांटने न्यायाधीश पहुंचे आश्रय गृह



**धनबाद** : दुष्कर्म पीड़ितों का दर्द बांटने के लिए नयाधीश लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम के साथ आश्रय गृह पहुंचे।सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित होप हाऊस मे रह रहे 18 पीड़ित बच्चियों से न्यायाधीश राकेश रोशन ने बात की उनकी समस्याओं को सुना। उन्हें मिलने वाली तमाम सरकारी सुविधाओं की जानकारी ली डीसीपीओ साधना कुमारी को तत्काल होप हाउस में चिकित्सक की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। वहीं होप हाउस में रह रही चार वर्षीय बच्ची जिसे खंभे में बांधकर बुरी तरीके से गरम रड से दाग दिया गया था। इस संबंध में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किए जाने की बात सुनकर न्यायाधीश ने एसएसपी धनबाद से बात की और प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने होप हाउस की अधीक्षक पूजा सिंह को निर्देश दिया कि बच्चों का समुचित देखभाल और उन्हें मिलने वाले समूचे सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाए और उसमें किसी भी तरह की परेशानी होने पर अविलंब डालसा को सूचित करें। न्यायधीश ने होप हाउस की व्यवस्थाओं की सराहना की।इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट सहायक कांउसिल नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा, डालसा सहायक अरूण कुमार, पीएलवी अजीत दास समेत उपस्थित थे।

### मानवता की सेवा में लगी हैं बिंरची नारायण



**बोकारो** : रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में पेशे की प्रकृति के अनुरूप समाज को दिए गए उनके योगदान और सहायता के लिए व्यावसायिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा, पत्रकारिता एवं स्वास्थ्य के माध्यम से समाज हित में सहभागी बने दर्जनों लोग सम्मानित किए गए।

मुख्यअतिथि के रूप उपस्थित बोकारो विधायक बिंरची नारायण के हाथों पुरस्कृत किया गया। आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि समाज में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए, जिससे वे और बेहतर परिणाम दे सके। इसके पूर्व शैल रस्तोगी ने एक पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि बिंरची नारायण ने अपने संबोधन में कहा की रोटरी क्लब चास ने सामाजिक कार्यो के क्षेत्र में उत्कृष्ट मिसाल कायम किया है। बिंरची नारायण ने कहा की सम्मानित व्यक्ति और अधिक ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को और अच्छे तरीके से करने का प्रयास करता है। बिंरची नारायण ने कहा ऐसे लोग समाज में प्रेरणा के स्रोत बन जाते हैं। इसके पूर्व संस्था के पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी ने वोकेशनल अवार्ड की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परोपकार की सेवाभावना ही रोटरी का मुख्य ध्येय है । इस अवसर पर उपस्थित बोकारो फाउंडेशन की अध्यक्षा नीना नारायण का पौधा भेंट कर कमल तनेजा ने स्वागत किया।

### स्टेशन पर यात्रियों के बीच गर्मी को देखते हुए रोटरी क्लब ने मिनरल वाटर का किया वितरण



**बोकारो** : रोटरी क्लब ऑफ बोकारो ने बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर हटिया बर्दवान पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रहे सामान्य श्रेणी के यात्रियों के बीच करीब 1200 बोतल मिनरल वॉटर वितरित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के निचले वर्ग के रेल यात्रियों को इस भीषण गर्मी में प्यास से राहत दिलाना था। सभी यात्रियों ने इस पुनीत कार्य के लिए क्लब सदस्यों को हृदय से धन्यवाद दिया। कुल मिलाकर यह कार्यक्रम काफी सफल रहा जिसमें लाभान्वितों की संख्या करीब 1140 थी। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष रोटेरियन घनश्याम दास, महासचिव रो० महेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रो० अशोक तनेजा, पूर्व अध्यक्ष रो० प्रदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष रो० भवानी शंकर जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष रो० मदन मन्नू श्रीवास्तव,रो० अमृत महतो, रो० अलका गुप्ता, रो०शीला जायसवाल, रो० नीलम दास रो० अशोक केडिया और रो० नरेश लोधा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर श्री ए के हलधर, सी आर पी एफ के ऑफिसर इन चार्ज श्री संतोष कुमार जी और एरिया मैनेजर बिनित कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। शिविर के अंत में बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर श्री ए के हलधर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और पुनः इसी प्रकार के और शिविर आयोजित करने हेतु प्रेरित किया।

# योजनाओं की पारदर्शिता के लिए ग्राम संपत्ति पोर्टल की डीसी ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला:** जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं अथवा निर्माण कार्यों की पारदर्शिता को बनाए रखने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से 'ग्राम संपत्ति' नामक ऑनलाइन पोर्टल की शुरूआत की गई है। जिसमें विभिन्न विभागों अंतर्गत जिले में किए जाने वाले निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति, पूर्व में हुए निर्माण कार्यों की जानकारी सहित एजेंसी एवं किस वर्ष में कौनसे निर्माण कार्यों को पूर्ण किया गया है से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध होगी, जिसे आम नागरिक भी देख सकते हैं एवं अपना फीडबैक भी दे सकेंगे। इसके अलावा विभागों द्वारा अपडेटेड डाटा अनुसार किसी भी निर्माण कार्य में डुप्लीकेसी की संभावना भी खतम हो सकेगी। साथ ही पोर्टल में अपडेटेड डाटा के अनुसार निमार्णाधीन कार्यों की स्थिति को भी मॉनिटर किया जा सकेगा। जिले में संचालित ग्राम संपत्ति योजना के तहत जिले के सभी सरकारी भवनों अथवा किसी भी योजना अंतर्गत हुए किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यों के समीप एक क्यूआर भी लगाएं जा रहें हैं एवं उक्त क्यूआर को स्कैन करके कोई भी व्यक्ति उक्त भावन/ निर्माण कार्यों से जुड़े सम्पूर्ण जानकारी को प्राप्त कर सकेंगे एवं उक्त भवन /निर्माण कार्य से संबंधित अपने फीड बैक तथा समस्याओं को भी अपलोड कर सकेंगे, अपलोड किए गए फीडबैक/ शिकायत सीधे संबंधित विभाग के को दिखेगा एवं उस समस्या का निदान किया जाएगा जिसकी मॉनिटरिंग जिला स्तर पर उपायुक्त के द्वारा की जाएगी। इसी क्रम में आज शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ग्राम संपत्ति योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी इंजीनियरिंग विभागों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ग्राम संपत्ति पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अच्छी क्वालिटी के फोटोग्राफ्स के साथ सभी डिटेल जानकारी के साथ पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही। उन्होंने उपायुक्त ने सभी निर्माण कार्यों / भवनों / योजनाओं के बाहर शत प्रतिशत रूप से क्यूआर कोड लगाने का निर्देश दिया एवं अगले 2 दिनों के अंदर सभी संबंधित विभागों को दफकोड लगाए जाने से संबंधित रिपोर्ट की मांग की। उपायुक्त ने सभी वैसे अचल संपत्ति जो किसी विभाग द्वारा बनाया गया है परंतु वर्तमान में उसका उपयोग नहीं हो रहा है या ऐसे भवन जिसका 80 से 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण है एवं शेष कार्य काफी वर्षों से अधूरा है या ऐसे भवन जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है परंतु उक्त भवन का वर्तमान में कोई उपयोग नहीं हो रहा है जैसे संपत्तियों की सूची संबंधित विभागों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि उन सभी भवनों का आवश्यकता अनुसार उचित उपयोग किया जा सके। उपायुक्त ने सभी संबंधित इंजीनियरिंग विभागों को निमार्णाधीन योजनाओं को स समय पूर्ण करने का निर्देश दिया। एवं सभी कार्यों की विवरणी ग्राम संपत्ति पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही। इस दौरान उपययक्त ने अब तक अपलोड हुए डाटा की भी समीक्षा की उन्होंने कह कि पोर्टल पर आने वाले समय में जिले के नागरिकों के द्वारा लगातार समस्याओं को अपलोड किया जाता रहेगा, उक्त शिकायतों को सभी अधिकरण सकारात्मक रूप से लेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक मौका है जिले के नागरिकों को सरकारी तंत्र के प्रति विश्वास दिलाने का जितनी जल्दी समस्याओं का निवारण होगा उतना ही अधिक विभागों को नागरिकों से जुड़ने का मौका मिलेगा। अतः अपने कार्यों को निष्ठापूर्वक रूप से करें। साथ ही उक्त समस्याओं से सीख भी लेंगे सभी ताकि आने वाले समय में एक तरह की समस्या बार बार न हो। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को मासिक रूप से अपने रिपोर्ट को ग्राम संपत्ति पोर्टल नियमित रूप से अपलोड करने की बात कही, उन्होंने कहा कि ग्राम संपत्ति पोर्टल के माध्यम से विभागों सहित एजेंसियों की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, संबंधित इंजीनियरिंग विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं सहायक कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## वाणिज्यकर इन्वेंशन ब्यूरो ने तिरुपति स्टील दुकान में की छापामारी



**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित पालकोट रोड़ गुरुद्वारा के समक्ष स्थित तिरूपति स्टील दुकान गुमला के मालिक अभिनव महेश्वरी के दुकान और गोदाम में वाणिज्यकर इन्वेंशन ब्यूरो के उच्च पदाधिकारीयों के आदेशानुसार छापामारी की गई। आईबी के पांच सदस्य दल के आईपीएस पदाधिकारियों द्वारा लगातार चार से पांच घन्टें तक तिरुपति स्टील दुकान गुमला के मालिक अभिनव माहेश्वरी से गहराई से छानबीन और पुछताछ करते हुए उक्त छापामारी किया गया। तिरुपति स्टील दुकान और गोदाम से संबंधित विशेष महत्वपूर्ण दस्तावेजों जैसे जीएसटी, इनकम, स्टॉक और सेल आदि से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की गई। जिसके कारण तिरुपति स्टील दुकान शुक्रवार को बंद रहा।

## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।

नगरपरिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अल्पकालिन आमंत्रणसूचना।

अति अल्पकालिन सूचनासंख्या –NIT/RGH/NP/07/2024-25

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2. निविदा वेबसाईट पर ई प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 15.6.2024
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 24.06.2024 अपराहन 04:00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवल ई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांक: 25.06.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
6. मद का नाम :– शहरी जलापूर्ति एवं साफ–सफाई मद
7. हेल्पलाईन नं0 :– 9962405690 8130016531

नियम एवं शर्तें :–

1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. निविदा में भाग लेने हेतु आपूर्तीकर्ता का G.S.T होना अनिवार्य होगा।
3. निविदा में भाग लेने हेतु आपूर्तीकर्ता को काली सूची में नहीं होने का स्वअभिप्रामाणित प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।
4. निविदा को बद लिफाफे में दिनांक–22.06.2024 संध्या–5:00 बजे तक कार्यालय में समर्पित करना होगा।
5. निविदा में अंकित Company का ही सामान देना होगा।
6. निविदा में Quoted दर को निविदाकर्ता के द्वारा पुनः संशोधित नहीं किया जा सकेगा।
7. निविदा को रद्द एंव संशोधन करने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रशासक
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 326664 District(24-25)D

# कुआं साफ करने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से युवक की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर मुख्यालय के कुरूमगढ़ रोड स्थित चांदसी दवाखाना के पास शनिवार की सुबह 8:00 बजे के करीब कुआं की सफाई करने कुआं में उतरा अशोक एक्का जहरीली गैस की चपेट में आ गया जिसे बचाने के लिए पड़ोसी भिसेंट टोप्पों का 40 वर्षीय पुत्र विनय टोप्पो कुआं में उतरा विनय ने अशोक को तो बचा लिया मगर वह खुद जहरीली गैस की चपेट में आकर कुआं में ही बेहोश हो गया। घटना की सूचना आग की तरह फैल गई देखते-देखते काफी संख्या में लोग कुएं के पास जमा हो गए। घटना की सूचना मिलने पर चैनपुर पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान भी पहुंचे जिसके बाद पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों ने करीब 1 घंटा कड़ी मस्कत के बाद विनय को कुआं से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया जहां विनय की गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान विनय टोप्पो की मौत हो गई। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार की सुबह लगभग 8:00 बजे चांदसी दवाखाना के पास जमगाई गांव का एक युवक अशोक एक्का उर्फ गेडू कुआं की सफाई के लिए उतरा जहां जहरीली गैस की चपेट में आकर छटपटाने लगा जिसे बचाने के लिए विनय टोप्पो कुआं में उतरकर रस्सी के सहारे ग्रामीणों ने अशोक एक्का को सकुशल बाहर निकाल लिया। इस दौरान नीचे उतरा विनय जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया जिसे बचाने एक अन्य युवक कुआं में उतरने लगा पर जहरीली गैस के कारण दम घुटने लगा जिससे वह युवक किसी प्रकार बाहर आ गया वहीं लगभग 1 घंटे के प्रयास के बाद पुलिस सीआरपीएफ के जवान एवं ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से विनय को हुक से फंसा कर बाहर निकाला एवं एंबुलेंस की मदद से चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान विनय की मौत हो गई।

## गहरी नींद में छत से नीचे गिरकर एक व्यक्ति की हुई मौत

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट थाना के कुरुमढोलशेरा ग्राम निवासी 39 वर्षीय माहीनाथ सिंह अपने घर के छत पर सोया हुआ था और गहरे निंद में होने के कारण उक्त व्यक्ति छत से नीचे गीर गाय और घटनास्थल पर ही हुई दर्दनाक मौत। जिसकी जानकारी देर रात्रि में पड़ोसियों द्वारा दी गई, आनन–फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिये पालकोट उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां स्वास्थ्यकर्मियों ने उसे मृत घोषित कर दिया, बाद में उक्त घटना की सूचना पालकोट थाना पुलिस को दी गई। उक्त सूचना मिलते ही पालकोट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें। एसआई रामचंद्र यादव अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर, गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी।

## कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 13/2023–24
(Third Call)

वित्तीय वर्ष 2022–23 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध / अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 01, 02 एवं 03 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–24.06.2024 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–26.06.2024 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–26.06.2024 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद् कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 समागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 86636038 | प्रखण्ड जयनगर अंतर्गत पंचायत कटिया के टोला लपसियाडीह में शंकर बिहारी के नया मकान के पास दुकान से सहदेव भदानी घर तक ढक्कन सहित पक्की नाली निर्माण | 440200.00 | 8900.00 | 750.00 | 03 माह |
| 02 | 86635306 | प्रखण्ड जयनगर अंतर्गत पंचायत डण्डाडीह के ग्राम लोहाडंडा में दुर्गा यादव घर से कारु सिंह के खेत तक नाली निर्माण | 750000.00 | 15000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 03 | 86634145 | जिला परिषद कोडरमा की परिसम्पति का निर्माण, सुदृढ़ीकरण, उन्नयन एवं सौन्दर्यीकरण योजना के अन्तर्गत सतगावां बस स्टैण्ड मे चाहरदीवारी का निर्माण कार्य | 2423539.00 | 48500.00 | 5000.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 326596 Panchayati Raj(24-25).D

## बकरीद को लेकर एसडीपीओ की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना प्रांगण में बकरीद पर्व को लेकर शनिवार को एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक आयोजित हुई। एसडीपीओ ने कहा कि आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति पूर्वक पर्व मनाए, किसी के भावना को ठेस नहीं पहुंचे इसका सभी खास ध्यान रखें, पर्व के दौरान नशापान व अफवाह से बचने का उन्होंने सभी समाज के लोगो से अपील किया है। सीओ नितेश रौशन खलखो ने कहा किसी तरह से शिकायत मिलने पर प्रशासन को सूचना दे, वाट्सप या शोसल मीडिया में आने वाला किसी तरह का भ्रमक मैसेज की पुष्टि किए बिना फर्व्ड करने से बचे, आज समाजिक समरसता बिगाड़ने में यह कारण बनता है। सदर सलमान अली ने कहा बकरीद को लेकर प्रखण्ड में होने वाले कार्यक्रमो की जानकारी बैठक में साझा किया। कहा सिसई का इतिहास आपसी सौहार्द और सहयोग का रहा है, सभी समुदाय के लोग एक दूसरे से सहयोग का भावना रखता है।

# नदी में नहाने के दौरान पिता व पुत्र के दोस्त की हुई मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के कातिग पंचायत अंतर्गत चितरपुर गांव के राजेश रंजन कुजूर की मनोहरपुर में शुक्रवार की सुबह कोयल नदी में डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश रंजन कुजूर आर्मी के जवान से रिटायर्ड हो चुके थे और वह वर्तमान में तमिलनाडु में गार्ड के पद पर कार्यरत थे। वही उनकी पत्नी कुसुम खलखो मनोहरपुर के छोटानागर उच्च विद्यालय में सहायक शिक्षक के तौर पर कार्यरत है और अपने पुत्र के साथ किराए के मकान में रहती है। जवान छुट्टी के दौरान अपनी पत्नी को बच्चों के पास छुट्टी मनाने मनोहरपुर गया था। इस दौरान वह अपने पुत्र अलेक्स कुजुर वह पुत्र के दोस्त एरोन होरो के साथ नदी में नहाने गया हुआ था। इसी दौरान अलेक्स और एरोन नहाने के क्रम में गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा यह देख राजेश अपने बेटे और उसके दोस्त को बचाने के लिए नदी में कूद पड़ा साथ ही आसपास नहा रहे स्थानीय युवक भी उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद गए जहां स्थानीय लोगों द्वारा अलेक्स कुजूर को बचा लिया गया जबकि राजेश रंजन और एरोन नदी के गहरे पानी में डूब गए। वहीं शनिवार को राजेश रंजन का शव पैतृक गांव चितरपुर पहुंचा। इस दौरान परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। शव के गांव पहुचते ही पूरे गांव में मातम का माहौल देखने को मिला। पैतृक गांव में ही आदिवासी रीति रिवाज से राजेश रंजन का अंतिम संस्कार किया गया।

## कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।

अति अल्पकालिन सूचना संख्या –NIT/RGH/NP/02/2024-25(2nd Call)

1. निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगरपरिषद् रामगढ़।
2. निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 17.06.2024
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 24.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा (http://jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथि व समय एवं सीन :– दिनांक: 25.06.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।6मद का नामः–15वें वित्त आयोग (Untied)
7. हेल्पलाईन नं0 :– 9962405690 9110072039

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02& 03 | Construction of Paver block road from Football ground H/o Samant Gupta to H/o Vijay Mahto at Jogiya Gaddha in Ward No 02 & 03 | 4148100.00 | 82962.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 02 | 04 | Construction of Retaining Wall and Paver Road from Kali Mandir to Karma Raod in Ward no 04 | 4345100.00 | 86902.00 | 10000.00 | 120 दिन |
| 03 | 09 | Construction of Paver block raod from H/O Surendra Rajwar to Railway Crossing via Pargadda in ward no 09 | 6166600.00 | 123332.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 04 | 10 | Installation of Pavers Block in Road from H/O- Rohit Bediya to H/O- Dinesh Bediya, Kalikaran Road to H/O- Mnjira Bediya & H/O- Jilani Ansari to H/O- Tanvir Alam in Ward no -10 | 3321600.00 | 66432.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 05 | 12 | Installation of Pavers Block in Road from Rajkiya Prathmik Vidyalaya Hesla to Shop of Jaleshwar Bediya in Ward no-12 | 4982500.00 | 99650.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 06 | 15 | Construction of Paver Block Road from (A) Shop of Praweej to Aganbadi (B) from Imambada to H/O Sajju via H/O Munnu to H/O Naresh Saw (C) from H/O Pappu to H/O Rangu Singh Via H/O Akash Rawani and Drain from H/O Arjun Saw to H/O Mumtaj Ansari in ward No 15 | 3810200.00 | 76204.00 | 10000.00 | 120 दिन |
| 07 | 16 | Development of Campus of Kabristan in Ward No 16 | 7083300.00 | 141666.00 | 10000.00 | 120 दिन |
| 08 | 18 | Development of Campus of Prachin Shiv Mandir in Ward 18 | 9595900.00 | 191918.00 | 10000.00 | 120 दिन |
| 09 | 25 | Construction of Paver block Road From (A) from H/O Bhagru Mahto to H/O Dine Mahto (B)From Kabristan to H/O Govind Mahto (C) Sagar Bishwarkama to Main Road in ward no 25 | 3211000.00 | 64220.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 10 | 27 | Construction of Paver block Road From (A) from Bhagatam To Samshan Ghat (B) from H/O Dilip Mahto to H/O kamal nath Mahto © From H/O Dinesh Mahto to H/O Brojlal Mahto In Ward No 27 | 5048900.00 | 100978.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 11 | 28 | Construction of Paver Road from NH-33 to Sadar Hospital in Ward No 28 | 4622800.00 | 92456.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 12 | 30 | Construction of Paver block Road from H/O Horile Mahto to NH-33 In Ward no 30 | 4561500.00 | 91230.00 | 10000.00 | 90 दिन |
| 13 | 30 | Construction of Paver NH-33 B.D.O Niwash to Siddarth Public School in Ward no 30 | 4775800.00 | 95516.00 | 10000.00 | 90 दिन |

नोटः–

1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारीयॉं http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़।

PR.NO.326619 District(24-25):D

# सरला बिरला स्कूल में कार्ट ब्लांच लर्निंग नोड क्लासरूम का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा :** सीबीएसई, माइक्रोसॉफ्ट और टेक अवांट-गार्ड के सहयोग से, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने अपने परिसर में कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स का उद्घाटन किया। इस हाइब्रिड लर्निंग क्लासरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, प्रोफेसर डॉ. गोपाल पाठक, कुलपति, सरला बिरला विश्वविद्यालय और परमजीत कौर, प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल द्वारा रिबन काटकर किया गया, जिसके बाद गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर माता-पिता, छात्र और शिक्षकगण भी उपस्थित थे। कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स एक अभिनव शैक्षणिक पहल है जो सीबीएसई के प्रतिष्ठित पायलट प्रोजेक्ट के तहत डिजाइन की गई है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को उन्नत डिजिटल उपकरणों और सहयोगी शिक्षण प्लेटफार्मों के साथ एकीकृत करके क्रांतिकारी बदलाव लाना है। इस पायलट प्रोजेक्ट का लक्ष्य पारंपरिक कक्षा और विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य के बीच की खाई को पाटना है, जिससे छात्रों के लिए एक संलग्न और समावेशी शिक्षण अनुभव सुनिश्चित हो सके। अभिभावकगण इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर प्रसन्न थे । उन्होंने स्कूल को शिक्षा प्रणाली में इस उन्नति को शामिल करने के लिए बधाई दी। इस परियोजना का ऑनलाइन उद्घाटन भी किया गया। मुख्य अतिथि, प्रोफेसर डॉ. गोपाल पाठक ने कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स के उद्घाटन पर स्कूल को बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि यह पहल स्कूल के आदर्श वाक्य तमसो माँ ज्योतिर्गमय से मेल खाती है, जिसका अर्थ है अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना। कार्ट ब्लांच हाइब्रिड लर्निंग नोड क्लासरूम्स परियोजना तकनीक को शिक्षा में एकीकृत करना है ताकि छात्र तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल युग में भविष्य के लिए तैयार हो सकें। यह सुनिश्चित करते हुए कि छात्र इस तेजी से उन्नत हो रहे डिजिटल युग में भविष्य के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज की दुनिया तेजी से तकनीकी प्रगति द्वारा संचालित हो रही है, और छात्रों को इस तकनीकी वातावरण में मार्गदर्शन करने और सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना स्कूल की जिम्मेदारी है।

# अधिक ऋण के बोझ तले वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं चरमरा तो नहीं जाएगी



प्रहलाद सबनानी

भारत के संदर्भ में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भारतीय नागरिकों में सनातन संस्कृति के संस्कार होने के कारण बैंकों से ऋण के रूप में उधार ली गई राशि का समय पर भुगतान किया जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया की तरह माना जाता है, जिसके कारण भारतीय बैंकों के अनुत्पादक आस्तियों की राशि अन्य देशों की बैंकों की तुलना में कम हो रही है। अतः वैश्विक स्तर पर गम्भीर होती ऋण सम्बंधी समस्या का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधे सीधे पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39,000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से 1 देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है जबकि ऋणराशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।

पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है, क्योंकि अमीर वर्ग ऋण का उपयोग अपने लाभ का लिए कर पा रहा है एवं इस ऋण राशि से अपनी सम्पत्ति में वृद्धि करने में सफल हो रहा है। जबकि, गरीब वर्ग इस ऋण की राशि का उपयोग अपनी देनंदिनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है और ऋण के जाल में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही, हालांकि विश्व में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं, वर्तमान में भी रूस यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल हमास युद्ध चल ही रहा है। परंतु, फिर भी इस सबका असर अमीर वर्ग पर




नहीं के बराबर हो रहा है। हां, गरीब वर्ग जरूर और अधिक गरीब होता जा रहा हैं क्योंकि विश्व के कई देशों में, ब्याज दरों में लगातार की जा रही बढ़ौतरी के बाद भी, मुद्रा स्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है। अमीर वर्ग (जिनकी सम्पत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत से बढ़ गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दुगुनी हो गई है। साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की सम्पत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहिले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण सम्बंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है। वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैंकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। साथ ही, भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे भारतीय बैंकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है।

भारत के बैंकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋणःसकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि यह वर्ष 2020 में 88.53 प्रतिशत तक पहुंच गया था, क्योंकि पूरे विश्च में ही कोरोना महामारी के चलते आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई थी। परंतु, इसके बाद के वर्षों में भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है और यह वर्ष 2021 में 83.75 प्रतिशत एवं वर्ष 2022 में 81.02 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। साथ ही, भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के वर्ष 2028 में 80.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यदि अन्य देशों के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात की तुलना भारत के ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के साथ की जाय तो इसमें भारत की स्थिति बहुत सुदृढ़ दिखाई दे रही है। पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसी प्रकार यह अनुपात सिंगापुर में 168 प्रतिशत है, इटली में 144 प्रतिशत, अमेरिका में 123 प्रतिशत, फ्रान्स में 110 प्रतिशत, कनाडा में 106 प्रतिशत, ब्रिटेन में 104 प्रतिशत एवं चीन में भी भारी भरकम 250 प्रतिशत के स्तर के आसपास बताया जा रहा है। अर्थात, विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों में ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात 100 प्रतिशत के ऊपर ही है। भारत में इस अनुपात का 81 प्रतिशत के आसपास रहना संतोष का विषय माना जा सकता है।

हाल ही के समय में भारत में विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन क्षमता का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ा है, वित्तीय वर्ष 2022-23 के चौथी तिमाही में विनिर्माण इकाईयों द्वारा अपनी उत्पादन क्षमता का 76.3 प्रतिशत उपयोग किया जा रहा था, जिसके कारण उद्योग जगत को ऋण की अधिक आवश्यकता महसूस हो रही है। बढ़े हुए ऋण की आवश्यकता की पूर्ति भारतीय बैंकें आसानी से करने में सफल रही हैं। यह तथ्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि विकसित देशों में भी प्रायः यह देखा गया है कि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण में वृद्धि के साथ उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में भी अब यह तथ्य परिलक्षित होता दिखाई दे रहा है। भारत में आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में भी ऋण की मांग लगातार बढ़ रही है। फिर भी, भारत में कोरपोरेट को प्रदत ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत वर्ष 2015 के 65 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत हो गया है। इसका आशय यह है कि इस दौरान कोरपोरेट ने अपने ऋण का भुगतान किया है एवं उन्होंने सम्भवतः अपनी लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज करते हुए अपने लाभ का पूंजी के रूप में पुनर्निवेश किया है।

दूसरे, भारत में विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदत्त लम्बी अवधि के ऋण सामान्यतः आस्तियां उत्पन्न करने में सफल रहे हैं, जैसे गृह निर्माण हेतु ऋण अथवा वाहन हेतु ऋण, आदि। इस प्रकार के ऋणों के भविष्य में डूबने की सम्भावना बहुत कम रहती है। बैंकों द्वारा खुदरा क्षेत्र में प्रदत्त ऋणों में से 10 प्रतिशत से भी कम ऋण ही प्रतिभूति रहित दिए गए हैं जैसे सरकारी कर्मचारियों को पर्सनल (व्यक्तिगत) ऋण, आदि। पर्सनल ऋण प्रतिभूति रहित जरूर दिए गए हैं परंतु चूंकि यह सरकारी कर्मचारियों सहित नौकरी पेशा नागरिकों को दिए गए हैं, जिनकी मासिक किश्तें समय पर अदा की जाती हैं, अतः इनके भी डूबने की सम्भावना बहुत ही कम रहती है। इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि भारत में अब बैंकों द्वारा ऋण सम्बंधी व्यवसाय बहुत सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है। इसी कारण से हाल ही के समय में यह पाया गया है कि भारतीय बैंकों की अनुत्पादक आस्तियों की वृद्धि पर अंकुश लगा है। यह भी संतोष का विषय है कि हाल ही के समय में भारतीय बैंकों से प्रथम बार ऋण लेने वाले नागरिकों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। इसका आशय यह है कि भारतीय नागरिक जो अक्सर बैंकों से ऋण लेने से बचते रहे हैं वे अब बैंकों से ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं क्योंकि इस बीच बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋण सम्बंधी शर्तों को आसान बनाया गया है।

कुल मिलाकर भारत के संदर्भ में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भारतीय नागरिकों में सनातन संस्कृति के संस्कार होने के कारण बैंकों से ऋण के रूप में उधार ली गई राशि का समय पर भुगतान किया जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया की तरह माना जाता है, जिसके कारण भारतीय बैंकों के अनुत्पादक आस्तियों की राशि अन्य देशों की बैंकों की तुलना में कम हो रही है। अतः वैश्विक स्तर पर गम्भीर होती ऋण सम्बंधी समस्या का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधे सीधे पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

## संपादकीय

### पुलिस का पहरा नाकाफी

राजधानी दिल्ली में पानी संकट के बीच पुलिस की इंट्री आश्चर्य पैदा करती है। अब पानी को माफिया से बचाने के लिए पुलिस को ज्यादा चौकस रहना होगा। पानी माफियाओं के बढ़ते दखल के बाद अब कम-से-कम पुलिस को ज्यादा मेहनत करनी होगी। इस बाबत पुलिस फोर्स ने चौकियां स्थापित की हैं और दिल्ली को पानी की आपूर्ति करने वाली नहर के हरियाणा की सीमा पर 15 किलोमीटर के हिस्से पर गश्त शुरू कर दी है। दरअसल, राजधानी इस सीजन में पानी का अभूतपूर्व संकट झेल रहा है। गर्मी की शुरूआत से ही यहां पानी की भारी किल्लत होने लगी थी, मगर न तो दिल्ली की सरकार ने और न केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान दिया। जब तपिश अपने चरम पर पहुंची और जल के लिए त्राहिमाम हुआ तब इधर-उधर से पानी मांगे जाने का प्रपंच शुरू हुआ। वैसे, यह सिर्फ इस सीजन की बात नहीं है। हर साल पानी को लेकर दिल्ली की दुारियां चरम पर रहती है। इस बार ज्यादा गर्मी की वजह से मामला चर्चा में आया। बहरहाल, भले टैंकर माफिया पर नकेल कसने के लिए पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई हो, मगर जो हालात पानी को लेकर दिल्ली की दिखती है उसमें खाकी की भूमिका बहुत ज्यादा नहीं है। उसकी वजह बहुत साफ है। एक तो दिल्ली का अपना पानी का कोई सिस्टम नहीं है। पानी का ज्यादातर हिस्सा यमुना नदी का है। कुछ बोरवेल दिल्ली सरकार ने लगवाए हैं। मगर ये सब कार्य पानी की अभी की स्थिति के सामने बहुत छोटी है। यही वजह है कि पानी के लिए कभी हरियाणा तो कभी उत्तर प्रदेश तो कभी हिमाचल प्रदेश के आगे चिरौरी करनी पड़ती है। अगर दिल्ली को पानी के संकट से निजात पाना है तो उसे सबसे पहले पानी के पूर्व के स्रोतों पर काम करना होगा। इसके अलावा पानी माफिया पर कड़ा रुख दिखाना होगा। पानी की चोरी और उसके बेवजह बह कर बर्बाद होने पर भी नजर रखनी होगी। छोटे-छोटे प्रयास के दम पर ही हम दिल्ली को इस समस्या से उबार सकते हैं। अदालत की चौखट तक जाने से पहले हमें उन पारंपरिक जल स्रोतों पर गंभीरतापूर्वक काम करना होगा। हिमाचल या हरियाणा से पानी मंगाने का चलन अब बंद होना चाहिए। दिल्ली की जनता को भी इस मामले में ईमानदार और सजग रहने की जरूरत है क्योंकि अंततः भोगना उन्हीं को पड़ता है। दिल्ली में पानी की समस्या बड़ी तो है, मगर उतनी बड़ी नहीं कि उसका निदान न हो।

## चिंतन-मनन

### उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी।

अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया।

सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को ऐसे मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ऐसे मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवसः पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाएं




ललित गर्ग

किसी के भी जीवन में पिता की क्या भूमिका होती है, इसे शब्दों में बयां करने की भी जरूरत नहीं है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शानें और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 16 जून 2024 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2024 की थीम 'सेलिब्रेटिंग फादरहुडः स्ट्रेंथ, लव, एंड सैक्रिफाइस' पर केंद्रित है यानी पितृ दिवस का जश्न- शक्ति, योगदान, प्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान दशार्ने का एक विशेष अवसर है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती।

हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। आखिर श्रवण कुमार में ऐसा क्या खास था कि किसी भी भगवान से उनकी अहमियत कम नहीं है। माता-पिता की भक्ति और सेवा ने उसे भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के बराबर का आसन दिलाया है। पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए। केवल इतना सूत्र भर साध लेने से हम उस ईश्वर के राज्य के अधिकारी बन जाते हैं, जिसे पाने के लिए जाने कितने तपस्वियों ने शरीर गलाया, बरसों साधना की। कन्धे पर माता-पिता को लेकर तीर्थ कराने निकला श्रवण जब उनकी प्यास बुझाने के लिए पानी भरते हुए राजा दशरथ का एक तीर लग जाने से प्राण त्यागता है, तब वह अन्तिम इच्छा में यही कहता है- 'मेरे माता-पिता प्यासे हैं, आप उन्हें जाकर पानी पिला दें।' प्राण त्यागते हुए भी जिसे अपने माता-पिता का ध्यान रहे, वह संतान उस युग में ही नहीं, इस युग में भी धन्य है। उसे किसी काल की परिधि में नहीं बांध सकते। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। यह अलग बात है कि बेटे को चोट लगने पर मां पुचकार देती है, चोट लगी जगह पर फूंक की ठंडक देती है, वहीं पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही मेरे पूज्य पिताश्री रामस्वरूपजी गर्ग ने मेरे व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान किया। आज वे देह से विदेह होकर भी हर पल मेरे साथ प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में रहते हैं। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है।

# उत्तर प्रदेशः सपा की जीत के मायने



रजनीश कपूर

अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है।' इन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता। ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद। यहां बीजेपी को पहले के मुकाबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। अनुच्छेद 370 का हटाना। तीन तलाक को खत्म करना। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह 'अबकी बार 400 पार' के अपने नारे को सच कर दिखाएंगे, परंतु ऐसा न हो सका।

ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौन सी कमी उनकी नीति में थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी कार्यकताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोक सभा चुनावों में देखा गया? क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गए गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहां पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के लिए पूजनीय अयोध्या, रामेश्वरम में मिली हार और प्रधानमंत्री को वाराणसी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत भी सवालों के घेरे में है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का 'अहंकार' की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनाव में कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई। जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मर्यादा के तहत हल किया जाना चाहिए था। भाजपा और संघ के कार्यकताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनाव को इतने चरणों में बांटने से भी कार्यकताओं की सहभागिता में कमी नजर आई। कार्यकताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वर्षों में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं, जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएंगे। इसी के चलते भी कार्यकताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और उनके कार्यकताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाए रखी और भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा। सपा के उम्मीदवारों का चयन और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों का उन पर भरोसा, दोनों ही इन चुनावों में सही साबित हुए। यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और रणनीति से अभी से जुटे रहेंगे तो 2027 के विधान सभा चुनावों में भी उनका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा। उत्तर प्रदेश के अगले विधान सभा चुनाव में यदि सही रणनीति और सही उम्मीदवारों का चयन हो, यदि वहां की जनता की समस्याओं के समाधान की एक ठोस योजना हो तो उन मतों को भी अपने पाले में लाया जा सकता है जो बुनियादी मुद्दों से भटका दिये गए हैं।

इतना ही नहीं, जिस तरह समाजवादी पार्टी को एक विशेष वर्ग के लोगों की पार्टी माना जाता था, उसका भी भ्रम इस बार के चुनावों में टूटा है। सभी हिंदू तीर्थ स्थलों में सपा ने भाजपा को शिकस्त दी है। समाजवादी पार्टी ने जिस तरह 'एम-वाई' फैक्टर को नए रूप में पेश किया वह भी काम कर गया है। जिस तरह भाजपा हर समय चुनावी मूड में रहती है यदि विपक्षी पार्टियां भी उसी मूड में रहें तो भाजपा को कड़ी टक्कर दे पाएंगी। इसके साथ ही सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को ही इस बात पर भी तैयार रहना चाहिए कि यदि किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है तो गठबंधन की सरकार ही विकल्प होता है। यदि कोई भी दल इस अहंकार में रहे कि वो एक बड़ा और प्रभावशाली राजनैतिक दल है और विपक्ष दर्शक दीर्घा में बैठने के लिए है तो फिर उसे तब झटका लगेगा ही जब उसे सरकार बनाने के लिए अन्य दलों के आगे झुकना पड़ेगा। हर दल को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए। गठबंधन की सरकार में हर वो दल जिसके पास अच्छी संख्या हो वह किसी न किसी बात पर उखड़ भी सकता है। इसलिए भलाई इसी में है कि अपनी गलतियों से सबक लिया जाए और 'सबका साथ और सबका विकास' अमल में लाया जाए।

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** पांकी प्रखंड के होटाई पंचायत के चंकी टोला के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर पलामूउपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि चंकी टोला का कोई भी योजना को यहां नहीं होने दिया जाता है। दबंगों के द्वारा उसे उधर ही करवा दिया जाता है फिलहाल में ही इस टोला के नाम पर चापाकल आया था। लेकिन यहां के मुखिया उसे नहीं गाड़ने दिया किसी दूसरे जगह गाड़ दिया गया। जल नल योजना चयनित है इसके बावजूद काम शुरू नहीं किया जा रहा है बरसात हो जाने के बाद बोरिंग गाड़ी नहीं जा पाएगा एक कुंवा के सहारे यहां




के लोग पानी पीते हैं। ग्रामीणों ने कहा की पांकीप्रखंड के होटाई पंचायत के चंकी टोला में पांकी में पानी की घोर समस्या है एक मनरेगा के कुंवा के सहारे वहां के लोग जी रहे हैं। कुंवा की ऊंचाई कम होने के कारण प्यास बुझाने के चक्कर में कई बार जानवर गिर जाते हैं। तो कभी-कभी बच्चे कुए में गिर जाते हैं गांव वाले के सहयोग से बाहर निकाला जाता है।बारिश होने पर खेतों का गंदा पानी कुए में घुस जाता है मजबूरन वही पानी पीना पड़ता है फि लहाल एक चापाकल चकी टोला विष्णु देव सिंह के नाम से आया था। उसे गांव के कुछ दबंगों ने उधर ही गड़वा दिया। एक नल जल योजना का चयन इस गांव के लिए हुआ है लेकिन ठेकेदार जान बुझ कर टाल मटोल कर रहे है। बरसात शुरू हो जाने के बाद बोरिंग की गाड़ी जाने में दिक्कत होगी स्थानीय मुखिया एवं माननीय विधायक जी को भी सूचना देने पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है सरकारी चापाकल कल की योजना को कार्यकर्ता योजना बना दिया गया है अधिकतर चापाकल जनप्रतिनिधियों के कार्यकर्ताओं के गिरफ्त में हैं इसकी अगर जाँच की जाए तो स्पष्ट पता चल जाएगा। ग्रामीणों ने पलामूउपायुक्त से आग्रह करते हुवे कहा की हमारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समस्या का निदान करने का प्रयास किया जाए। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### बोलेरो और हाइवा में जोरदार टक्कर कई लोग घायल



**पलामू :** छतरपुर डाल्टनगंज मुख्य पथ एन एच 98 रुदवा होटल के समीप शनिवार को बुलेरो और हाईवा में जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें कई लोग चोट लगने की सूचना सामने आई हैं। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा छतरपुर पुलिस को दी गई मौके पर पहुंच छतरपुर पुलिस बीच बचाव कार्य में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छतरपुर से डालटेनगंज जाने वाली एन एच 98 मुख्य पथ पर पीछे से आ रही हाईवा और आगे से ट्रेलर गाड़ी के बीच में बुलेरो गाड़ी दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। आपको बताते चलें कि क्षतिग्रस्त बुलेरो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जे एच 02` 3283 है जिसे ट्रेलर गाड़ी जिसकी रजिस्ट्रेशन नंबर सीजी 10 बी एच 7869 ने जोरदार टक्कर मारी दूसरी तरह एक हाईवा घटनास्थल से भागने में सफल रहा। खबर लिखे जाने तक हाइवा को पकड़ने की पुष्टि छतरपुर पुलिस ने नहीं की हैं। गौरतलब हो की उक्त बोलेरो गाड़ी में सवार पुलिस के जवान लोग थे जिन्हें थोड़ा बहुत चोट लगने की सूचना सामने आई है किसी को कोई हताहत की पुष्टि छतरपुर पुलिस के द्वारा नहीं की गई हैं। घटनास्थल पर मौजूद छतरपुर पुलिस ने बताया कि सभी लोग सीट बेल्ट पहने हुए थे संभवतः इसीलिए भी सभी घायल होने के बाद भी सुरक्षित बचने में सफल रहें।

### उपायुक्त के निर्देश पर अवैध परिवहन के खिलाफ चलाया गया अभियान

**मेदिनीनगर (पलामू) :** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर 14 जून की रात्रि में ज़िला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा अवैध परिवहन को लेकर वाहनों का सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 4 वाहनों को जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों को हरिहरगंज थाना परिसर में जब्त कर रखा गया एवं सभी वाहनो पर दंड शुल्क लगाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि यह अभियान व्यवसायिक वाहन के विरुद्ध लगातार चलाया जायेगा। मौके पर अन्य लोग मौजूद रहे।

### पति ने पत्नी को पीट कर किया घायल

**मेदिनीनगर (पलामू) :** तरहसी थाना क्षेत्र के भडरी गांव निवासी गुड्डू प्रसाद ने अपनी पत्नी काजल कुमारी को शनिवार की सुबह पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल काजल कुमारी ने बताया की पांच दिन पहले उसके घर में एक बची जन्म ली है। बच्ची जन्म लेने पर उसका पति गुड्डू नाराज होकर बच्ची के जन्म लेने के दिन से ही मुझे प्रताड़ित करता रहता है। महिला ने बताया की शनिवार की सुबह बच्ची को लेकर हमारे और गुड्डू के बीच झगड़ा हो गया। इस बीच गुड्डू ने हमे लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर मेरे माता पिता जब हमारा ससुराल पहुंचे तो गुड्डू और उसके परिजनों ने हमारे माता पिता के साथ भी मारपीट की। इसके बाद माता पिता घायल काजल कुमारी को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर है। वही इस घटना के बाद काजल अपने पति के द्वारा मारपीट करने से संबंधित मामला मेदिनीनगर महिला थाना में दर्ज करा दिया है। वही मामला दर्ज होने के बाद से महिला थाना की पुलिस मारपीट से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## महिलाओं ने बारिश के लिए मड़ई एवं वन पूजा किया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली भीषण गर्मी से निजात पाने और वर्षा न होने को लेकर जिंतुपीड़ी एवं आसरी गांव के महिलाओं ने आपस में मिलकर शनिवार के दिन मड़ई एवं वनपूजा किया। पूजा पूरे विधि विधान के साथ संपन्न किया गया। महिलाओं ने वन देवता और जंगल के देवता को नमन किया और शीघ्र बारिश होने के लिए प्रार्थना भी किया और बताया कि हम लोग यह पूजा भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए एवं शीघ्र ही बारिश की शुरूआत होने के लिए किया। चुकी समय से बारिश नहीं होने के कारण हम लोगों को खेती करने में काफी कठिनाइयां उत्पन्न होती है और हम लोग खेती पर ही निर्भर रहते हैं। खेती ही हम लोगों का जीवन यापन करने का मुख्य स्त्रोत है। बारिश का समय होने के बावजूद बारिश नहीं होने से हम लोग काफी निराश हो गए हैं। जनकल्याण हेतु हम लोग सभी महिलाएं आपस में मिलकर वन देवता का पूजा किए ताकि हर घर में हरियाली और खुशियाली आए। अंत में सभी महिलाओं ने आपस में अबीर खेल कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

## तीन माह बाद भी चोरी की घटना का उद्भेदन नही हो पाना पुलिस की लापरवाही : जितेश गुप्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** शहर थाना क्षेत्र के चियांकीकरमाही टोला निवाशीसतेंद्रप्रशाद गुप्ता के पुत्र जितेश कुमार गुप्ता ने बताया की 26 मार्च 2024 को उनके घर में चोरी की घटना हुआ था।चोर घर में रखे करीब 8 लाख के समान की चोरी कर फरार हो गए थे।उन्होंने कहा की इस घटना को हुवे तीन माह बीत चुका है परंतु अभी तक शहर थाना की पुलिस द्वारा चोरी की घटना का उदभेदन नहीं किया गया है। उन्होंने बताया की जिस दिन उनके घर में चोरी हुआ वह अपने गांव में थे।पड़ोसियों के द्वारा 26 मार्च की रात उन्हें सूचना दिया गया की उनके घर का दरवाजा का ताला टूटा हुआ है।पड़ोसियों के सूचना पर जितेश कुमार गुप्ता रात में ही अपने गांव से चियांकीकरमाही टोला अपने घर पहुंचे तो देखा की घर का ताला टूटा हुआ है और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है।घर में रखे सोने के जेवर सहित अन्य सामान की चोरी हो गई है।इसके बाद भुक्तभोगी जितेश गुप्ता के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर भुक्तभोगी जितेश गुप्ता और स्थानीय लोगो से चोरी से संबंधित घटना के बारे में पूछताछ किया और वहा से चल दिए।चोरी की घटना के आज तीन महीने बीत चुके है परंतु अभी तक चोर का पता नही चल पाया है।भुक्तभोगीजितेश गुप्ता ने कहा की तीन महीना के बाद भी चोरी की घटना का उदभेदननही हो पाना शहर थाना की पुलिस की लापरवाही दशार्ती है।

### मानसिक तनाव में आकर 30 वर्षीय युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर (पलामू) :** गढ़वा जिले के कांडी थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी बैजनाथ राम के पुत्र बबलू राम उम्र 30 वर्ष मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर शुक्रवार की रात आत्महत्या का प्रयास किया। जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी बबलू कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही घटना की जानकारी मिलने पर बबलू के अन्य परिजन मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में उसका इलाज करवा रहे है।

## हमारी नदी, हमारा पानी और हम पेयजल को तरस रहे हैं : आशीष भारद्वाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू) :** चारो तरफ से नदियों से घिरा है हमारा शहर मेदिनीनगर, हमारी नदियों का पानी बहकर सोन और सोन से गंगा जी होते हुए समुंद्र को चला जा रहा है और हम बूंद बूंद को तरस रहे है इससे बड़ा हमारा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। शहर के पेय जल संकट का स्थाई इलाज है कोयल पर बांध/ बराज बनाकर केचकी संगम से सिंगरा संगम तक तटबंधी करते हुए बियर बनाकर शहर को सेकंडफेज कनेक्टिविटी से जोड़कर पानी दिया जाये। उक्त बातें शहर के युवा बोल आशीष भारद्वाज ने चैथे दिन के पानी यात्रा में कहा। प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में व्याप्त पेयजल संकट के निराकरण हेतु चलाऐ जा रहे जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान में भारद्वाज ने कहा की टैंकर से



पानी देना ये स्थाई इलाज नहीं है और पानी यात्रा के दौरान हम देख रहे है की टैंकर से सरकारी सप्लाई बिलकुल अव्यवस्थित है, टोटल फेलियर है। मैं हतप्रभ हूँ की इतने बड़े - बड़े लोग, बड़े - बड़े पदेन पदाधिकारी पलामू में है पर किसी ने अब के पहले इस संपूर्ण पेयजल संकट उपचार के बारे में क्यों नहीं सोचा, हम मिलेंगे मुख्यमंत्री जी से और आग्रह करेंगे की हमारी सूखती कोयल नदी, अमानत नदी और हमारे सूखते कंठ की रक्षा करें। अगर मुख्यमंत्री जी सीमित अवधि में ऐसा कार्य नहीं करते है तो पानी को लेकर हमारे पलामू से एक ऐसा आंदोलन शुरू होगा जिसमें बहुत कुछ भस्म हो जाएगा। जो भी सरकारी ज़िम्मेवार मुलाजिम है जो टैंकर सप्लाई में गड़बड़ी कर रहे है वे अपना कार्यप्रणाली बदल लें, कम से कम हमारे प्यास का सौदा ना करें वरना हमारे आक्रोश में जल जायेंगे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह) :** आगामी सोमवार को मुस्लिम धर्मावलंबी द्वारा मनाया जाने वाला कुबार्नी त्यौहार को लेकर सरिया थाना में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता सब इंस्पेक्टर ओमेंदम लकड़ा तथा संचालन सब इंस्पेक्टर योगेश कुमार महतो ने किया ।इस बैठक में दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित थे। जहां लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में मनाया जाने वाले बकरीद त्यौहार से संबंधित बातें रखीं। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। वहीं प्रशासन द्वारा कहा गया कि कोई भी त्यौहार शांति का संदेश देता है परंतु कुछ असामाजिक तत्व के लोग त्यौहार में विघ्न पैदा करते हैं ऐसे लोगों को चिन्हित करने की बात कही गई। वहीं कहा गया किसी अफवाह पर वह



ध्यान नहीं दें इधर बहुसंख्यक समुदाय की ओर से कहा गया कि सोमवार को ही हिंदू धर्मावलंबियों का निर्जला एकादशी व्रत है जिसमें हजारों की संख्या में लोग राजदहधाम पहुंचते हैं। ऐसे में उन्होंने सुरक्षा की मांग की है। इस मौके पर गयासुद्दीन अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, केदार मोदी, पंकज कुमार, धनेश्वर साहू, भुनेश्वर मंडल, आशीष तरवे, विकास जैन, सुरेश प्रसाद, दर्शन रविदास, हुसैन अंसारी, शमीम अंसारी, जलाल अहमद, महादेव पासवान, विक्की जैन, कृष्ण मुरारी पांडेय सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जनहित से संबंधित कार्य में किसी तरह का भ्रष्टाचार बिल्कुल ही स्वीकार नहीं किया जाएगा : चंदन प्रकाश सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**छतरपुर पलामू :** छतरपुर नगर पंचायत स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी छतरपुर के कार्यालय सभागार में जून माह को लेकर बीस सूत्री की बैठक शनिवार को की गई। जिसमें लगभग सभी विभाग से संबंधित समीक्षा की गई, कार्यक्रम के अध्यक्षता गोपाल प्रसाद सिंह एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी छतरपुर ने किया। वही बैठक में उपस्थित बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट कहा कि जनता हित से संबंधित कार्य में किसी तरह की योजना में भ्रष्टाचार बिल्कुल ही स्वीकार नहीं किया जाएगा, इससे संबंधित पदाधिकारी नहीं सुधरे तो सरकार को पत्र लिखा जाएगा और यदि आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन



भी किया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के समीक्षा के दौरान सिन्हा ने सेविका सहायिका के चयन में सीडीपीओ के भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि चयन में सीडीपीओ के द्वारा मनमाने तरीके से सरकारी नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है जहां से सेटिंगगेटिंग हो रहा है उसे पास कर दिया जा रहा है और बाकी का चयन सारी प्रक्रिया के सही होने के बावजूद भी कैंसिल कर दिया जा रहा है, किसी कैंडिडेट को जीत का सर्टिफिकेट देकर बाद में वहां के चयन प्रक्रिया को रद्द करना किसी भी हाल में उचित नहीं है और सरकारी नियमों को ताक पर रखकर करने वाली बात हैं। मनरेगा के पूर्व प्रखंड कार्यक्रम प्राधिकारी चंद्रशेखर दुबे के कार्यकाल के दौरान मनरेगा के तहत कूपों एवं डोभा में भारी अनियमित की शिकायत मिली थी, जिस पर संबंधित जांच प्रतिवेदन की मांग भी की गई थी जो आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया। संभावना यह भी जताई गई है कि बिना कुआं या डोभा निर्माण किए ही पैसे की निकासी कि गई हैं, जिस पर जांच एवं कार्रवाई की बात कही गई थी जो प्रखंड बंद पड़ा हैं। ग्रामीण सड़कों पर भी सवाल उठाते हुए उपाध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि पुल पुलिया का निर्माण बालू के बजाय क्रेशर के डस्ट से किया जा रहा है जो बेहद चिंताजनक हैं सड़कों की गुणवत्ता भी बेहद खराब होते जा रहा हैं। विधायक फंड से निर्मित योजनाओं में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद मनोज कुमार का जिक्र भी गलत है और इससे संबंधित पदाधिकारी पर कार्यवाही हेतु विभाग को लिखने की बात कही गई। बैठक में विशेष रूप से नगर पंचायत छतरपुर में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितता तथा कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यकलापों पर गहमागहमी बहस चला और आरोप यह लगा कि पैसा लेकर आवास योजना का भुगतान करना सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाने वाली बात है साथ ही मनपसंद ठेकेदारों को ठेका देना एवं जनउपयोगी कामों के बदले वैसे काम जिसमें पैसे की लूट की जाए उस कार्य को स्वीकृति देना आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही सर्वजन पेंशन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों को 15 दिनों के अंदर निष्पादन का आदेश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### डालसा की तरफ से सदर हॉस्पिटल में पानी व ओआरएस का हुआ वितरण



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर शनिवार को सदर अस्पताल में भीषण गर्मी को देखते हुए मरीजों के बीच पानी और ओआरएस का वितरण किया गया। इस मौके पर पीएलभीमुनेश्वर राम व भागीरथी दुबे ने 75 लोगों को शुद्ध पानी व ओआरएस के पैकेट दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पलामू में काफी गर्मी पड़ रहा है जिससे यहां का टेंपरेचर 45 डिग्री के पार रह रहा है। लोगों को सुरक्षित व स्वस्थ रहने के लिए डालसा की ओर से शुद्ध पेयजल व ओआरएस का पैकेट वितरण किया जा रहा है। साथ ही लोगों को धूप से बचने की सलाह दी जा रही है।

### हस्तशिल्प मेला एवं डिज्नीलैंड मेला का हुआ उद्घाटन

**मेदिनीनगर (पलामू) :** मेदिनीनगर के कोयल नदी के तट पर स्थित झूला मैदान में हस्तशिल्प एवं डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन पूर्व नगर निगम अध्यक्ष अरुणा शंकर एवं सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। हस्तशिल्प मेला सह डिज्नीलैंड मेला में हैंडलूम वह हैंडीक्राफ्ट, कश्मीरी टॉप, बाटी चूरमा, बनारसी सिल्क साड़ी, पिलखुवा हैंडलूम बेडशीट, राजस्थानी अचार, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, झूला सहित मनोरंजन के कई स्टाल लगाए गए हैं। मेला में काफी लोगों विशेष कर महिलाओं को खरीददारी करते हुए देखा गया। मेला में बच्चे भी झूला व मोटर बोट का आंनद उठा रहे है।

### डीसीए, डीपी और टेली कोर्स की सत्रांत परीक्षा संपन्न

**सिल्ली :** सिल्ली राजकीय मध्य विद्यालय बड़ा मुरी में झारखंड जनकल्याण संस्था रांची द्वारा संचालित ग्रामीण कंप्यूटर साक्षरता योजना के तहत डीसीए डीपी और टेली कोर्स की सत्रांत परीक्षा संपन्न। परीक्षा में अधिकृत केंद्र बीके मल्टीमीडिया एंड कंप्यूटर्स कांशीडीह के छात्र-छात्राएं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संस्थान के निर्देशक भीम कोइरी ने बताया की वर्तमान के इस दौर में एक टैली एक्सपर्ट आसानी से अपने करियर को ऊंचाइयों पर पहुंचा सकता है। इस क्षेत्र में सुनहरे करियर के कई अवसर हैं, बशर्ते आपने इसमें महारत हासिल की हो। यदि आप टैली में एक बिगिनर हैं तो भी आप विभिन्न टैली कंप्यूटर कोर्सेज का ज्ञान प्राप्त कर अपने करियर को नया आयाम दे सकते हैं। वही डीसीए एक बेसिक कंप्यूटर कोर्स है इसे आप ऑनलाइन भी कर सकते हैं या अपने नजदीकी किसी भी कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर से भी सीख सकते हैं यह कोर्स प्राइवेट सेक्टर में नौकरी पाने के लिए सबसे बढ़िया कोर्स है।आजकल हर बच्चा चाहता है कि मैं पढ़-लिखकर अच्छा काम करूं और आज की दुनिया में कंप्यूटर के जरिए ही हम अच्छा पैसा कमा सकते हैं। इस कोर्स में बच्चे को कंप्यूटर की लगभग सभी बेसिक जानकारी दी जाती है। शनिवार को हुए इस परीक्षा में अधिकृत केंद्र बीके मल्टीमीडिया एंड कंप्यूटर्स कांशीडीह के कुल 60 छात्र-छात्राएं हिस्सा लिया।

### आजसू पार्टी का संगठन पंचायत स्तर पर तैयार पार्टी के सदस्य आजसू की मजबूती का आधार



**अनगड़ा :** शनिवार को आजसू पार्टी का अनगड़ा प्रखंड राजाडेरा पंचायत चमघाटी में पंचायत प्रभारी, ग्राम प्रभारियों का बैठक केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव की अध्यक्षता में रखा गया अध्यक्षता भाषण देते हुए पारसनाथ उराँव ने कहा खिजरी विधानसभा के हर पंचायत में आजसू पार्टी का संगठन अब तैयार हो चुका है अब पंचायत सम्मेलन करके आजसू पार्टी बूथ जितने का काम करेगी, संचालन महाबीर महतो ने किया। मुख्य अतिथि राँची जिला आजसू पार्टी महिला अध्यक्ष वीणा कुमारी ने कहा आजसू पार्टी में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा है और महिलाओं का मान सम्मान का खयाल पार्टी निचले स्तर तक करता है इस कारण से आजसू पार्टी में चूल्हा प्रमुख,ग्राम प्रभारी से लेकर पंचायत प्रभारियों में भागीदारी महिलाओं की है 2024 विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी महिला कमेटी एक बहुत बड़ा रोल में होगा और झारखंड की बालू-कोयला लूट मची सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस मौके पर आजसू पार्टी केंद्रित सचिव फूलकुमारी देवी, केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी, आतिश महतो, वीणा देवी, सावित्री देवी, किरण देवी, अमर महतो, योगेंद्र महतो, निर्मला देवी, प्रकाश सिंह, सरिता उराँव, सुखराम उराँव, कृष्ण कन्हैया केशरी, प्रकाश महतो, कर्मी देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, फुलेंद्र महतो, रान्तु मुंडा, राज साहू, अंकित साहू, अनु उराँव, सम्भु बड़ाईक, विवेक बेदिया, राणा बेदिया, दीपक बेदिया, सूरज करमाली, अनसु कुमार, आदि सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित रहे।

### जिले में 15 से 29 जून तक आयुष्मान पखवाड़ा का किया जा रहा है आयोजन

**गुमला :** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत अच्छादित शेष लाभुको को आयुष्मान कार्ड निर्गत कराने हेतु गुमला जिला अन्तर्गत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सदर अस्पताल , प्रज्ञा केंद्रों, एवं सहियाओं के द्वारा दिनांक 15 जून से 29 जून तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुलाबी, पिला, एवं हरा राशन कार्ड धारी अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड को दिखाते हुए निः शुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं तथा उक्त योजनान्तर्गत प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। कार्ड धारी राज्य के किसी भी राज्य के सरकारी एवं निजी अस्पताल में निः शुल्क इलाज ले सकते है ।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया-थाना परिसर बसिया में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्षता एस डी पी ओ नाजिर अखतर ने की बैठक में बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे।बैठक में क्षेत्र में बच्चो में नशापान के बढ़ते प्रयोग पर रोक लगाने की मांग शांति समिति के सदस्यों ने की। साथ ही हाई स्पीड बाहनों के प्रयोग पर रोक लगाने की मांग की गई। मौके पर थाना प्रभारी पुनीत मिंज, सी ओ नरेश मुंडा, एस आई संजय कुमार, मोहन सिंह, बिनोद टोप्पो, चामा राम, अभय चौधरी, अलीम खान, कलीम अहमद, शुशील होता, राज कुमार गुप्ता, मुंतजिर खान, बादशाह खान, शेरशाह खान, शेखरेयसत सतार खान, नवीन मिश्रा, अलीम खान, जगदेव नायक, अजय पाठक आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### फरार चल रहे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव साहिबगंज को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जीरवाबाड़ी थाना कांड संख्या- 299/19 दिनांक- 07.07.2019 धारा 271/ 272/ 273 के प्राथमिक अभियुक्त मंगला पहाड़िया पिता-स्व. धर्मा पहाड़िया, ग्राम-रक्सी बांझी,थाना- बोरिया,जिला- साहिबगंज को विधिवत गिरफ्तार किया गया। वहीं चिकित्सा जांच के उपरांत अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### दस सूत्री मांगों को लेकर बीएसके कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज परिसर में दिया धरना



**बरहरवा :** सिद्धू कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर विश्वविद्यालय के महाविद्यालय में 10 सूत्री मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया इस दौरान बिंदुधाम सिद्धू कानू महाविद्यालय कर्मचारी संघ के बैनर तले अपने 10 सूत्री मांगों के समर्थन में महाविद्यालय के काम को ठप कर धरना प्रदर्शन किया। इस संबंध में बीएसके कॉलेज बहरवा शिक्षकेतर कर्मचारी इकाई संघ के सचिव मनोरंजन कुमार तिवारी ने बताया कि पंचम, छठ एवं सातवें वेतनमान में निर्धारण कर वेतन का भुगतान हो महाविद्यालय से विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्ति कर्मियों को प्रतिनियुक्ति भत्ता का भुगतान किया जाए,योग्यता धारी चतुर्थ वर्ग कर्मचारी को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति का लाभ मिले,चतुर्थ वर्ग या कमी से तीर्थ वर्ग का कार्य करने वाले को अतिरिक्त भत्ता का लाभ दिया जाए, 35 वर्षों से कायनात शिक्षित कर्मियों को प्रमोशन का लाभ दिया जाए वर्ष 2012 में पर नियुक्त कर्मियों को थर्ड एवं चतुर्थ वर्ग कर्मियों को अन्य कर्मचारी के भांति एसीपी एवं मैक का लाभ 2024 से प्रारंभ हो सहित अन्य मांगों को लेकर हम सभी कर्मी धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। अगर हमारी मांग विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार नहीं सुनती है तो हम चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। वहीं मौके पर कृष्ण कुमार, राहुल कुमार, अंजू देवी, विनीता मुर्मू, सरला मरांडी, ममता कुमारी, अनिमा सरकार, संदीप भंडारी, नीताय हरिजन, रिजवान बिनवसर, सहित अन्य कर्मी धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

# सिदगोड़ा फायरिंग मामले में हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत कालू बगान में शुक्रवार रात मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिरसानगर जोन नंबर 7 निवासी परमजीत सिंह उर्फ निक्की, चरणजीत सिंह उर्फ चन्ने और गोलू उर्फ मंजीत सिंह शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल, तीन जिंदा गोली, एक भुजाली बरामद किया है। घटना स्थल से एक बाइक, एक स्कूटी और तीन खोखा भी मिला है। इस संबंध में मंजीत सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. शनिवार को मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि शुक्रवार रात कालू बगान के पास दो पक्षों में मारपीट हुई थी। इस बीच फायरिंग भी हुई जिसमें एक युवक भी घायल हुआ था. वहीं स्थानीय लोगों ने गोलू को पकड़कर पुलिस को सौंपा था जबकि परमजीत और चरणजीत को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। पुराने विवाद को लेकर हुई घटना सिटी एसपी ने बताया कि जनवरी 2024 में कालू बगान में जगदीप की हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में जगदीप के परिजनों ने परमजीत के रिश्तेदार की पिटाई की थी। इसी को लेकर दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति थी। शुक्रवार को परमजीत और गोलू कालू बगान की ओर गए थे। इसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। मौके पर अन्य लोग पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। सिटी एसपी ने बताया कि परमजीत पूर्व में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है जबकि चरणजीत एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। सिटी एसपी ने बताया कि फिलहाल चरणजीत और परमजीत को जेल भेजा गया है जबकि गोलू का टीएमएच में इलाज चल रहा है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बेकार चीजों से आमदनी कर परिवार का कर रहे भरण पोषण

**जमशेदपुर :** जिनके अंदर हुनर होते हैं वे कचरे या बेकार की चीजों को भी अमदनी का जरिया बना लेते हैं। ऐसे ही तांतनगर प्रखंड में सैकड़ों बुजुर्ग महिला बेकार की चीजों से न सिर्फ काम में आने वाला सामान बनाया, बल्कि उससे आय प्राप्त कर परिवार का भरण पोषण भी कर रहे हैं। जिला के विभिन्न क्षेत्रों में बंजर पड़ी भूमि या खेतों की मेड़ पर वृहद मात्रा में घास उगी हुई है, जो इन दिनों आसानी से नजर आयेंगे। इसी झाड़ीनुमा उगी घास को सैकड़ों महिलाओं ने आय का साधन बनाया है। दरअसल महिलाएं घास को काट कर सुखाती हैं। तीन चार दिन सुखाने के बाद उसे पानी में डूबो कर सामान्य करते है। उसके बाद उससे झाड़ू तैयार करती हैं। झाड़ू तैयार कर महिलाएं साप्ताहिक बाजार में बिक्री करती हैं। इससे महिलाओं की आमदनी होती है। जरूरतों को पूरा करती है। महिलाएं बताती हैं कि झाड़ू बिक्री कर परिवार का गुजारा करते हैं।

## बकरीद को लेकर तिरलडीह थाना में शांति समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** शनिवार को तिरुलडीह थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुकड़ू प्रखंड के प्रभारी बीडीओ कीकू महतो ने किया। इस बैठक में कुकड़ू के प्रभारी सीओ दीपक प्रसाद, तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चांद महतो समेत शांति समिति के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अंजुमन कमिटी से जुड़े लोग मौजूद रहे। बैठक में बीडीओ कीकू महतो ने आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। और क्षेत्र वासियों को बकरीद पर्व की शुभकामनाएं दी। बैठक के दौरान तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चाँद महतो ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने पर संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसीलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें। उन्होंने आपसी भाईचारे के साथ बकरीद की त्यौहार मनाने की अपील की है। मालूम हो की इस वर्ष बकरीद का त्यौहार 17 जून 2024 को मनाया जाएगा। बैठक मे झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा, लेटेमदा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह मुंडा, चौड़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा, चौड़ा उपमुखिया लाल मोहम्मद अंसारी, अब्दुल रशीद अंसारी, समेद अली, सायेद अंसारी, अलिसार अंसारी, गौतम महतो, एसआई सोमा उरांव, एएसआई रंजीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने पुलिस अधिकारियों को दिए कई दिशा निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** साहिबगंज के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पुलिस लाइन स्थित कार्यालय कक्ष में शनिवार को पुलिस अधिकारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक की। पुलिस अधीक्षक ने थानेदारों व पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने व रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को अपराध नियंत्रण के लिए जरूरी टिप्स भी दिए। कहा कि पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है और किसी भी तरह का कोताही नहीं बरतें। चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए बाइक व घरों में चोरी पर रोक लगाने के लिए कारगर कदम उठाने का निर्देश दिया। कहा कि गश्ती के दौरान चौक-चैराहों व सुनसान स्थानों पर रात में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली-मोहल्ले में पेट्रोलिंग करें। चोरी की घटनाओं में लिप्त पुराने अपराधियों का डाटा तैयार कर उन पर विशेष नजर रखें। उन्होंने सभी थानों में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनका निष्पादन जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, वाहन जांच अभियान चलाने, लॉटरी, जुआ अड्डों व गांजा की बिक्री रोकने, अवैध पत्थर खनन व बालू तस्करों पर नकेल कसने को कहा। जेल से छूटे अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने की हिदायत दी। वहीं बैठक में मुख्यालय एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ, सदर इंस्पेक्टर राजीव रंजन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी शशि सिंह, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार, बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा सहित अन्य थानों के प्रभारी मौजूद थे।

## सकरोगढ़ में बच्चों के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट, 3 लोग हुए घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के सकरोगढ़ चैती दुर्गा निचला टोला में शुक्रवार की देर रात को छोटे छोटे बच्चों के विवाद में एक ही परिवार के लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जहां इस मारपीट की घटना में 2 महिला सहित 1 पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर सभी घायल अपना इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा इलाज किया गया। इस मारपीट की घटना को लेकर घायल महिला गूंजा कुमारी पति संजय रविदास ने बताया कि उसकी बेटी को उसकी ही गोतनी ने किसी बात को लेकर लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया था। वही जब उसकी गोतनी उसकी बेटी के साथ मारपीट कर रही थी तो उसके पति घर पर नहीं थे जहां देर रात को जब उसके पति मजदूरी करके अपने घर आए तो उन्होंने सारी बात अपने पति को बताई। उधर बेटी के साथ मारपीट करने की बात सुनकर उसकी गोतनी, देवर व भैसुर उसके साथ गाली गलौज करने लगे जहां उन लोगों को गाली गलौज करने से मना करने पर सभी लोग लाठी डंडे, लोहे के रड एवं तलवार से उसके एवं उसके पति के साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए। जहां इस मारपीट मामले को होता देखकर उसके देवर की पत्नी जब उनलोगों को बचाने के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट किया गया। इधर मारपीट मामले को लेकर सभी घायल देर रात में ही नगर थाना पहुंचे और सारी घटना की जानकारी ओडी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को दी जिसके बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया। उधर मारपीट करने के मामले में उनका देवर कुंदन कुमार, चंदन कुमार, भैसुर दिलीप कुमार एवं उनकी पत्नी भी शामिल है। फिलहाल दोनों गंभीर रूप से घायल पति पत्नी का सदर अस्पताल में इलाज जारी है।

## आज होगी गंगा आरती व लेजर लाइट शो : श्रेया तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहेबगंज :** शनिवार के दिन साहेबगंज समाहरणालय कक्ष मे रांची से परिवर्तन संस्था की महिला टीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर परिवर्तन संस्था की सचिव श्रेया तिवारी ने बताया कि कल दिन रविवार को राजमहल गंगा घाट पर गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर 6:30 बजे से 7:30 बजे तक गंगा आरती, इसके बाद लेजर लाईट का प्रोग्राम 7:30 बजे से 8:30 बजे तक व 8:30 से लेकर 9:30 बजे तक भोग वितरण का कार्यक्रम होना है। इसका मुख्य उदेश्य है कि हमारे देश मे आज जलवायु जो लगातार प्रदूषित हो रही है। उस पर किस प्रकार से अंकुश लगाते हुए आने वाले हम सभी के वंशज को आगे दिक्कत का सामना नही करना पड़े। क्योंकि आज हमारे देश कि जलवायु काफी खराब हो चुकी हैं। इसका मुख्य कारण वृक्ष की अंधाधुन कटाई हो रही हैं। नए वृक्ष को लगाने की कोशिश नहीं कर रहे है। जिस वजह से लगातार हमारे यहां की जलवायु गर्म होती जा रही हैं। हमारी परिवर्तन संस्था नए प्लांट को स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल जैसे जगह पर नए प्लांट को लगाने का काम कर रही हैं। जिससे कि आने वाले हमारे वंशज को प्रकृति की शुद्ध हवा मिल सके। वही जल को लेकर बोली कि हम सभी को ये प्रण लेने की जरूरत है, कि जल को किसी भी प्रकार से बर्बाद होने से बचाना होगा। अन्यथा कुछ वर्षो के बाद जल की घोर समस्या हम लोगों के बीच उत्पन्न हो जाएगी। वही परिवर्तन संस्था की ओर से राजमहल गंगा घाट पर रविवार को होने वाले लेजर लाईट के माध्यम से पूरे पृथ्वी व जलवायु के बारे में दिखाया जाएगा।

## इस्कॉन देवघर ने संथाली ग्राम जसीडीह में भूखों को कराया भोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** इस्कॉन देवघर के द्वारा पूर्व की भांति आज भी संथाली ग्राम जसीडीह में कृष्ण मंदिर के पास भूखों को भोजन कराया गया साथी कृष्ण मंदिर परिसर में इस्कॉन देवघर प्रमुख के द्वारा कथा एवं कीर्तन का आयोजन किया गया। इस्कॉन देवघर के प्रमुख ने बताया की विगत एक वर्षों से विभिन्न गांव में जाकर जहां गरीब परिवार के लोग बसर करते हैं. कोई भी गरीब परिवार भूखे ना सोने पे इस सोच के साथ गरीबों के बीच लगातार इस्कॉन फूड फॉर लाइफ के तहत भोजन का वितरण किया जाता है। उन्होंने देवघर की जनता से यह अपील की है। इस मुहिम में वह भी आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और इस्कॉन द्वारा संयोजित तरीके से भूखे के बीच भोजन वितरण में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले आगे उन्होंने बताया की आने वाले 22 जून को भगत भगवान जगन्नाथ माई सुभद्रा एवं भाई बलभद्र की स्नान यात्रा इस्कॉन सेंटर दामोदर ग्राम जो देवघर जसीडीह मुख्य मार्ग स्थित रोहिणी मोड पर है की जाएगी तत्पश्चात 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ माई सुभद्रा एवं बलभद्र जी की विशाल रथ यात्रा शिवलोक परिसर और देवघर से संध्या 4:00 बजे प्रारंभ की जाएगी जो इस्कॉन सेंटर रोहिणी मोड जसीडीह तक आएगी एवं महा आरती एवं महाप्रसाद के बाद समाप्त हो जाएगी।

## राजमहल उपकारा में हुई छापेमारी, नहीं मिला कोई भी आपत्तिजनक सामान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**राजमहल :** अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में शनिवार की संध्या को राजमहल उपकारा में छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान जेल के अंदर महिला, पुरुष सहित विभिन्न वार्डो का तलाशी लिया गया। जेल उपाधीक्षक से बंदियों की क्षमता के बारे में भी जानकारी लिया गया। वहीं मौके पर एसडीओ कपिल कुमार ने बताया कि रूटीन वर्क के तहत छापेमारी की गई । छापेमारी के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। जेल के अंदर की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था एवं सभी सेल की बारी-बारी से जांच किया गया। जेल के रजिस्टर आदि का भी मिलान करते हुए प्रभारी उपकारा अधीक्षक को जेल मैनुअल का पालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जेल में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच किया गया। वर्तमान में सभी कैमरा चल रहे हैं। वहीं मौके पर बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, सीओ अशोक कुमार सिन्हा, जेल उपाधीक्षक दिलीप कुमार, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, महिला थाना प्रभारी पूजा कुमारी, राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, नगर पंचायत प्रशासक स्मिता किरण सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षा राज्य मंत्री को मुखिया ने सौंपा ज्ञापन, नई ट्रेन चलाने की मांग



**ईचागढ़ :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ के तिरुलडीह पहुंचने पर तिरुलडीह पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह मुंडा उर्फ रामबालक सिंह मुंडा ने माला पहनाकर स्वागत किया और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री बनाये जाने पर बधाई दिया। इस दौरान मुखिया ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को चांडिल- तिरुलडीह-मुरी रेलखंड के टाटानगर से बोकारो के बीच और रांची से चक्रधरपुर के बीच नई ईएमयु पैसेंजर ट्रेन का चालने की मांग किया। वहीं उन्होंने टाटा जम्मूतवी एक्सप्रेस अप डाऊन दोनों तरफ से तिरुलडीह, और झिमरी स्टेशन में दो मिनट का ठहराव, चांडिल-तिरुलडीह मुरी रेलखंड का दोहरीकरण करने, चांडिल-तिरुलडीह मुरी रेलखंड मे चार-पांच डब्बे वाली एक नई शटल ट्रेन दिनभर में तीन-चार फेरी करके चलाने की मांग किया। इसके अलावे उन्होंने तिरुलडीह हनुमान के समीप से रेलवे उसपार तक फ्लाईओवर का निर्माण कराये जाने का भी मांग किया। मालूम हो की गुंडा बिहार, झिमरी, हेंसालौंग, लेटेमदा, बाकारकुड़ी, तिरुलडीह स्टेशनों के बीच करीब 100-150 गांवो की जनता प्रतिदिन रेलवे यातायात साधन अपनाते है। लेकिन आजादी से लेकर आजतक केवल इस रूट मे सुबह 7-8 बजे एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेन और शाम को एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेन ही इस रूट में चलती है। दिनभर 10-12 घंटे कोई पैसेंजर ट्रेन इस रूट मे नही है। जिसके कारण बीमार व्यक्ति, छात्र, किसान, व्यवसायी वर्ग को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

### आरपीएफ ने स्टेशन से भटकते नाबालिग बच्चे को चाइल्डलाइन को किया सुपुर्द




**बरहरवा :** बरहरवा आरपीएफ एलबी मांझी,एनके यादव व एम कुमार द्वारा एक नियमित निरीक्षण के दौरान तीनपहाड़ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर भटकते नाबालिग बच्चे को संदिग्ध हालत में घूमते देखा गया।भटकते नाबालिग को पूछताछ के लिए बरहरवा आरपीएफ द्वारा अपने कस्टडी में लेकर रेलवे पोस्ट बरहरवा लाया गया।पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पिंटू कुमार यादव ( 12 वर्ष ),पिता निरंजन यादव,गांव गौरा चौक,पोस्ट अमरपुर,जिला भागलपुर बताया। उक्त मामले की सूचना उसके पिता के साथ-साथ चाइल्ड हेल्पलाइन को दी गई।फिलहाल भटकते नाबालिक को साहिबगंज चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया गया है।

### शौचालय में अनियमितता बरतने को लेकर गांव में जांच करने पहुंची टीम



**बरहेट :** झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश पर फुल भंगा पंचायत में शनिवार को शौचालय की जांच की गई। वही याचिकाकर्ता सोनाली हेंब्रम ने 2022 को शौचालय निर्माण की अनियमित को लेकर झारखंड हाई कोर्ट में पी आई एल दर्ज की थी। वही हाई कोर्ट के निर्देश पर पंचायत के अंतर्गत भादोडीह, फुल भंगा, बास्को संथाली, हाथ मारी, लक्ष्मीबथान लोगाय, पक्रीगोरा, इन गांव में टीम पहुंचकर शौचालय की जांच की। वही साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय अलग-अलग गांव में जांच टीम गठित की गई। वहीं जांच टीम के अधिकारी गांव पहुंचकर लाभुकों से बातचीत कर शौचालय संबंधित जानकारी ली। जानकारी के अनुसार 2014 से स्वच्छ भारत मिशन विभाग द्वारा प्रत्येक घरों में शौचालय निर्माण कराया जाना है। उसके लिए सरकार पंचायत में करोड़ों रुपए राशि दी है लेकिन गांव में शौचालय नहीं बनने पर स्थानीय समाजसेवी सोनाली हेंब्रम ने झारखंड हाई कोर्ट में स्वच्छ भारत मिशन के विरुद्ध पी आई एल दर्ज कराया। वही एक तरफ सरकार घर-घर शौचालय दे रही है तो दूसरी ओर अधिकारी एवं बिचौलियों की मिली भगत से राशि गमन करने का मामला आ रहा है। इसके पूर्व पंच काठिया बाजार, कुसमा संथाली, लबरी, खैरवा, पंचायत में 6 जनवरी 2024 को लाखों रुपया गवन करने का मामला प्रकाश में आया था। वही तत्कालीन डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। वहीं टीम जांच कर वरीय अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी गई। लेकिन अभी तक लाभुकों का शौचालय निर्माण नहीं हुआ ना ही अधिकारी इस पर कार्रवाई की।

### ग्रामीणों ने हाई वोल्टेज तार को हटाने के लिए किया बिजली विभाग का घेराव



**साहिबगंज :** मंडरो प्रखंड क्षेत्र के बड़तल्ला गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को ढोल नगाड़ों के साथ बिजली विभाग कार्यालय का घेराव करते हुए अपनी समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता को एक ज्ञापन सौंपा। जहाँ सौपे गए ज्ञापन पत्र में सभी ग्रामीणों ने जिक्र किया कि बड़तल्ला गाँव के बीचोबीच से उच्च वोल्टेज के विधुत तार ले जाया गया है जिसके कारण लगभग 40 से 45 ग्रामीण परिवार के लोगों का घर इस हाई वोल्टेज तार के नीचे आ गया है जिससे सभी ग्रामीण प्रभावित है। वही ग्रामीणों ने ईओ से आग्रह किया कि इस हाई वोल्टेज तार को जल्द से जल्द गांव के बीचोबीच से हटाते हुए कही दूर से खाली स्थान होकर ले जाए ताकि आने वाले भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई बड़ी घटना दुर्घटना होने की संभावना नहीं रहे। वही ग्रामीणों ने ईओ के समक्ष कहा कि इस हाई वोल्टेज तार के उनके घरों के ऊपर से गुजरने के कारण उनका जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। जहां इस मामले को लेकर बिजली विभाग के ईओ ने बड़तल्ला गांव से आए हुए सभी ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विभाग बहुत जल्द इसका सर्वे कराकर हाई वोल्टेज तार को हटा लेगा। इस मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

# खाते में आएंगे 1 लाख अफवाह पर अकाउंट खुलवाने पहुंचीं महिलाएं





**कैमूर।** शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं खाता खुलवाने सीएसपी सेंटर पहुंच गईं। जब उनसे इसका कारण पूछा गया तो महिलाओं ने कहा कि उन्हें बताया गया कि अकाउंट में एक लाख रुपए दिए जा रहे हैं, इसलिए हम लोग भी अकाउंट खुलवाने पहुंचे हैं। दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान सभाओं में कहा था कि भाजपा वाले 22 अरबपति बना रहे हैं। हम करोड़ों लखपति बनाएंगे। हर परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उन करोड़ों महिलाओं के खाते में एक लाख रुपए भेजे जाएंगे। यानी महीने 8,500 रुपया खाते में खटाखट-खटाखट जाएगा। मोहनिया प्रखंड स्थित बैंक के सीएसपी सेंटर पर खाता खुलवाने कई महिलाएं एक साथ पहुंच गईं। महिलाओं की भारी भीड़ को देख पुलिस पहुंची। पुलिस ने महिलाओं को बड़ी मुश्किल से समझा कर घर भेजा। इस दौरान कई महिलाएं जाने से साफ मना कर रही थी। पैसे मिलने की चाहत लिए रामगढ़ से आई रामनानी देवी ने कहा कि वह खाता खुलवाने आई हैं। दूसरी महिलाओं ने उन्हें बताया कि अकाउंट में एक लाख रुपया मिलेगा, इसलिए हम आए हैं। सरकार सभी को पैसे दे रही है। मोहनिया बीडीओ संजय दास ने कहा कि किसी ने अफवाह फैला दी है कि खाता खुलवाने पर उसमें एक लाख रुपए मिलेंगे। इसके बाद जिले भर से महिलाएं यहां आ रही थी। इनको समझा दिया गया है कि ऐसी कोई बात नहीं है।

## नीट पेपर लीक मामले में छात्रों ने किया पुतला दहन



**पटना।** नीट परीक्षा में पेपर लीक को लेकर अलग-अलग राज्यों में लगातार छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। पटना के दिनकर गोलंबर पर छात्रों ने प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान छात्र नेता सौरभ कुमार ने कहा कि इसमें पूरी तरीके से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जवाबदेही है। लेकिन, उनकी ओर से कुछ नहीं किया जा रहा है। NTA ने जो ग्रेस मार्क्स दिया। वह कहीं से भी उचित नहीं था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मार्क्स देने का कोई प्रावधान नहीं है। फिर NTA की ओर से उसे हटाया गया। पेपर लिक का सबूत आर्थिक अपराध इकाई पटना पुलिस के पास है। इससे यह साबित होता है कि एक दिन पहले ही अभ्यर्थियों के पास प्रश्न पत्र आ गए थे। अनिश्चितकालीन धरना देने की धमकी प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिक्षा मंत्री भी कुछ नहीं कर रहे हैं। वे लोग सिर्फ सरकार बनाने में लगे हुए है। आज सिर्फ पुतला दहन किया गया है। लेकिन आने वाले दिनों में अगर परीक्षा रद्द नहीं की जाती है तो अनिश्चितकालीन धरना देंगे। 24 लाख छात्रों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। अब तक 13 हुई गिरफ्तारी पीएम मोदी को आगाह करना चाहते हैं कि तीसरी बार आपको प्रधानमंत्री की गद्दी जनता ने बिठाया है। युवाओं पर ध्यान दीजिए। अगर आप हमारे लिए कुछ नहीं कर सकते हैं तो यह भी कह दीजिए। दरअसल, एडव ने पेपर लीक मामले में 9 परीक्षार्थियों को नोटिस भेजा है। एडव ने सभी परीक्षार्थियों को पेरेंट्स के साथ पूछताछ के लिए ईओयू ऑफिस बुलाया है। NEET पेपर लीक में अभी तक पुलिस ने 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## हथियार और कारतूस के साथ दो बदमाश गिरफ्तार



**नालंदा।** नालंदा में वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो बदमाशों को सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ा गया। डीएसपी संजय कुमार जायसवाल ने कहा कि शुक्रवार रात ओपी पुलिस भागन बीघा चौराहा के पास वाहन जांच कर रही थी। इसी बीच एक बाइक पर दो युवक पहुंचे। जो बिहार शरीफ की तरफ से आ रहे थे। वे पुलिस को देखकर भागने लगे। संदेह के आधार पर उन्हें खदेड़ कर पकड़ा गया। डीएसपी ने कहा कि दोनों की तलाशी ली गई तो एक के पास हथियार और पांच कारतूस बरामद किया गया। दूसरे व्यक्ति के पास एक मैगजीन बरामद हुई। जिसके अंदर कुल 15 गोलियां लोड थी। इनके पास से दो मोबाइल और बाइक भी बरामद हुई। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और थाने लाया गया। पूछताछ में युवक ने कहा कि सेल्फ डिफेंस के लिए पिस्टल लेकर चलते हैं।भागन बीघा ओपी प्रभारी पंकज कुमार पवन ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पटना जिला के बेलछी थाना क्षेत्र अंतर्गत रसलपुर निवासी अशोक कुमार का पुत्र पंकज कुमार और बाढ़ थाना क्षेत्र के रहीम गांव निवासी स्वर्गीय गजाधर प्रसाद का पुत्र अजीत कुमार है।

## निरीक्षण के बावजूद डुमरा पीएचसी की हालत खराब



**सीतामढ़ी।** के जिला मुख्यालय में स्थित डुमरा पीएचसी की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। जबकि पिछले 6 दिनों में दो बार वरीय अधिकारियों ने इसका निरीक्षण भी किया। इसके बावजूद कोई बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। खास बात यह भी है कि यह पीएचसी डीएम आवास के ठीक सामने है। जब पड़ताल के लिए पहुंची तो कुव्यवस्था का खुलासा हुआ। मिश्रौलिया निवासी जय नारायण महतो अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर रात के 1 बजे पीएचसी पहुंचा। जहां एक भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। मरीज की हालत गंभीर थी।वहीं एम्बुलेंस चालक भी गायब था। इसके साथ ही सुरक्षा कर्मी भी लापता था। जब खोज की गई तो डॉक्टर अपने रूम में और अन्य कर्मी सोए हुए पाए गए। इमरजेंसी रूम में पंखा चल रहा था, लेकिन कोई कर्मी मौजूद नहीं था। इसके बाद डुमरा के भवप्रसाद गांव से मुकेश राय अपनी पत्नी को लेकर ई-रिक्शा से पीएचसी पहुंचा। वह अपने गांव के आशा को साथ लेकर आया था। उसने फिर एएनएम को जगाया और प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया। हालांकि उसके बाद फिर से सभी लोग सो गए। इस संबंध में सिविल सर्जन ने बताया कि 2 दिन पूर्व ही निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान गायब पाए गए कर्मियों का वेतन भी बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। अब अगर इसके बाद भी लापरवाही हो रही है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व विधायक शंकर सिंह ने लोजपा से दिया इस्तीफा

### NDA से टिकट काटे जाने से थे नाराज, रुपौली विधानसभा से निर्दलीय उपचुनाव लड़ने का ऐलान



**पूर्णिया।** पूर्व विधायक शंकर सिंह ने लोजपा(रामविलास) की पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वे पूर्णिया के रुपौली विधानसभा से 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव में NDA से टिकट न मिलने से नाराज थे। पार्टी से इस्तीफा देते हुए वे चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोकते हुए पूर्व सांसद ने चुनावी मैदान में उतर गए हैं। शंकर सिंह 20 जून को नॉमिनेशन करेंगे। निज निवास पर प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने खुद इसका ऐलान कर दिया है। डॉलर हाऊस चौक स्थित निज निवास में प्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शंकर सिंह ने कहा कि उन्होंने दशकों तक लोजपा (रामविलास) में रहते हुए पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम किया। पार्टी का जब जो फैसला हुआ मजबूती से उस निर्णय के साथ खड़ा रहे। पार्टी ने 2005 में मुझे रूपौली विधानसभा से प्रत्याशी बनाया। तब न सिर्फ मैंने मजबूती से चुनाव लड़ा बल्कि चुनाव जीतने का काम किया। जीत हार का मामूली अंतर रहा पूर्व विधायक शंकर सिंह ने आगे कहा कि सरकार न बन पाने के कारण फिर से चुनाव हुआ। जबकि चुनाव जीतने के बाद कई प्रलोभन दिया गया। लेकिन मैं पार्टी के सिद्धांत पर रहकर उस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय स्व०रामविलास पासवान के विचारधारा के साथ खड़ा रहा। इसके बाद 2010, 2015 और 2020 में पार्टी ने चुनाव लड़ाया। सभी चुनाव में मैंने अच्छे मत प्राप्त किए। जीत हार का मामूली अंतर रहा। लोकसभा चुनाव में रुपौली विधानसभा से लोकसभा के चुनाव में ठऊक्ष प्रत्याशी को लीड कराया। बावजूद इसके जब उपचुनाव की तारीख का ऐलान हुआ। NDA से जदयू के कलाधर मंडल को टिकट दे दिया गया। ये वही कलाधर मंडल हैं जो मुखिया का चुनाव भी नहीं जीत सके। पार्टी में क्या खेला हुआ, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं। वहीं, इस दौरान पत्नी प्रतिमा सिंह ने कहा कि सांसद पप्पू यादव और उनकी जीत मेरे और मेरे पति शंकर सिंह के लिए प्रेरणा है। उन्हें पूरा भरोसा है कि सांसद पप्पू यादव इस चुनाव में उनका साथ देंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि उपचुनाव लड़ने का मेरा फैसला अटल है। इसके बाद मैंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर उपचुनाव लड़ने का फैसला लिया है। 20 जून को नॉमिनेशन होगा। रूपौली विधानसभा की जनता मेरे साथ है। मैंने दशकों तक रुपौली की जनता की सेवा की है। स्वजाति ही नहीं बल्कि हर जाति, वर्ग और समुदाय के लोगों के साथ उनके सुख और दुख में खड़ा रहा। ऐसे में लोगों को जैसे ही इस बात का पता चला कि उन्हें टिकट न देकर NDA ने किसी और को उपचुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। लोगों के कॉल आने लगे। लोग घर पर पहुंचने लगे। लोगों का ये फैसला है कि वे रुपौली से उपचुनाव लड़ें। इसलिए मैंने चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। आने वाले 20 जून को निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर वे नॉमिनेशन करेंगे। जनता उनके साथ है। उनकी जीत निश्चित है। बता दें कि रुपौली के स्वर्ण जाति के वोटरों पर शंकर सिंह और उनकी पत्नी की गहरी पैठ है। बता दें कि रुपौली से 5 बार की विधायक रहीं बीमा भारती के इस्तीफा बाद यह सीट खाली हो गई थी। बीमा भारती सीएम नीतीश कुमार की पार्टी छोड़कर राजद में चली गई है। उन्होंने पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ा। हालांकि, इस चुनाव में उनकी जमानत तक जब्त हो गई थी। इधर, भारत निर्वाचन आयोग ने रुपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा कर दी है। 10 जुलाई को वहां मतदान होगा। नामांकन की प्रक्रिया 14 जून से 21 जून तक चलेगी। इस विधानसभा के लिए 10 जुलाई को वोटिंग होनी है, जबकि 13 जुलाई को काउंटिंग होगी।

## ससुराल में संदिग्ध स्थिति में मिला नवविवाहिता का शव

### पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप कहा- कार नहीं देने पर मार डाला





**पूर्णिया।** के बनमनखी नगर परिषद वार्ड-9 में नवविवाहिता का ससुराल में संदिग्ध स्थिति में शव मिला। मृत महिला की पहचान कन्हैया दास की पत्नी पूजा कुमारी 22 के रूप में हुई है। परिजनों ने ससुराल वालों पर कार की डिमांड पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि पति और ससुराल वालों ने मिलकर पहले मृतका के साथ मारपीट की और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए उसके शव को फंदे से लटका दिया। वारदात के बाद से पति और सास घर छोड़कर फरार है घटना के संबंध में मृतका के पिता परमानंद दास ने बताया कि डेढ़ साल पहले कटिहार जिला के कोढ़ा थाना के खैरिया वार्ड नम्बर-7 स्थित घर से 20 लाख रुपए दहेज देकर बनमनखी स्टेशन रोड निवासी अभिनंदन दास के बेटे कन्हैया दास (27) के साथ अपनी बेटी की शादी हिंदू रीति रिवाज से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले रुपये की डिमांड करने लगे। इस दौरान उन्हें दो बार में 58 हजार रुपए दिए गए। हाल के दिनों में दामाद ने दहेज के रूप में कार की डिमांड की थी। जिसपर उन्हें भरोसा भी दिया था कि अभी हाथ खाली है। रुपए आने पर कार भी देंगे। लेकिन इस बीच मेरी बेटी को दामाद कन्हैया दास ने अपने माता-पिता और भाई-बहन के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा। गला दबाकर उसकी हत्या की और फिर हत्या को आत्महत्या में बदलने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है परिजनों ने हत्या में शामिल सभी आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। इधर सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में बनमनखी थानाध्यक्ष वरुण कुमार झा ने कहा कि फोरेंसिक जांच के बाद प्रथम दृष्टया यह घटना हत्या का प्रतीत हो रहा है। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ भी कहा जा सकेगा। परिजनों के लिखित आवेदन पर मृतका के ससुर अभिनंदन दास और भाई मुकेश दास को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### घर में घुस 10 लाख की चोरी बाहर से दरवाजे को बंद किया



**गया।** शहर में इन दिनों चोरी की घटना में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ताजा मामला शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र का है। बीती रात को 1 बजकर 40 मिनट पर बेखौफ चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। 10 लाख की संपत्ति पर हाथ साफ कर भाग निकले। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दरसअल, पूरा मामला विष्णुपद थाना क्षेत्र के गोवर्धन बिहार का है। अनूप नारायण और उनकी पत्नी अपने कमरे में सो रहे थे। रात करीब 2 बजे उनकी पत्नी की नींद खुली तो उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद किया हुआ था। इसके बाद पत्नी ने किराएदार को फोन किया तो उसका भी दरवाजा बंद था। इसके बाद पड़ोसी को फोन किया।पड़ोसी के दो पुत्र दीवार से कूद कर दरवाजा खोला। फिर कमरे से बाहर आए तो पीछे की तरफ की सीढ़ी में लगा ताला गायब था। उनके बेटे के कमरे का दरवाजा खुला था। वहां अलमारी का ताला तोड़कर लॉकर का सारा सामान गायब था। पीड़ित परिवार ने बताया कि करीब 10 लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। चोरी की वारदात की अंजाम देने आए दो चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसकी लिखित शिकायत पीड़ित परिवार ने विष्णुपद थाने में देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### बेटे ने पिता से की थी मारपीट अगले दिन मिली लाश



**छपरा।** छपरा के दरियापुर में एक व्यक्ति का शव गांव से बाहर ब्रह्म मंदिर परिसर से मिला है। शव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान डेरनी थाना क्षेत्र के पिरारी गांव निवासी सकलदेव सिंह (65) के रूप में हुई है। मौत के कारणों का स्पष्ट जानकारी नहीं हो सका है, लेकिन आपसी घरेलू विवाद में बुजुर्ग शुक्रवार देर रात से गायब हो गए थे। आज शनिवार को शव बरामद हुआ है। शव मिलने की खबर मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। डेरनी थाना अध्यक्ष रिंकी कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के पिरारी ब्रह्म स्थान के पास से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। हत्या या मौत के कारणों का भी खुलासा नहीं हो सका है। अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हो सका है। परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के बाद आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों में दबी जुबान आत्महत्या की चर्चा हो रही है। शुक्रवार को पारिवारिक विवाद में उसके बेटे ने पिटाई कर दी थी। जिससे नाराज होकर सकलदेव सिंह ने डेरनी थाना में आवेदन दिया था। वापस आने के बाद परिजनों ने फिर से मारपीट की, जिसके बाद घर से लापता हो गए। आज शनिवार को शव बरामद हुआ है।

### पति के सामने जिंदा जल गई पत्नी,नहीं खुला सेंट्रल लॉक



**छपरा।** में चलती कार में अचानक आग लग गई। इसमें जिंदा जलकर एक महिला की मौत हो गई। वहीं पति भी गंभीर रूप से झुलस गया। घटना शनिवार की सुबह तरैया में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों पति-पत्नी अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे थे। तरैया थाना क्षेत्र के एसएच-73 बगही गांव के पास अचानक कार में आग लग गई। इसके बाद पति गाड़ी का कांच तोड़कर किसी तरह से बाहर आया। उसने मदद के लिए लोगों को बुलाया, लेकिन जब तक मदद मिलती गाड़ी बुरी तरह से जल गई और महिला की गाड़ी के अंदर ही जलकर मौत हो गई। मृतका की पहचान सारण जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र पकवालिया गोराईपुर गांव निवासी दीपक कुमार राय की पत्नी सोनी देवी (30) के रूप में हुई। बाद में पुलिस ने गाड़ी में लगी आग पर काबू पाया। घटना में पति बुरी तरह झुलस गया।पति दीपक कुमार ने बताया कि वह अपने पत्नी के साथ अयोध्या दर्शन करने के लिए गया था। जहां शुक्रवार को भगवान का दर्शन कर शाम में अपने छपरा स्थित घर के लिए निकला। सब कुछ सामान्य था। शनिवार के सुबह में पत्नी पिछले सीट पर सोई हुई थी। तभी अचानक से गाड़ी गर्म हुई और धुआं निकलने लगा।जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक इंजन से आग की लपटें निकलने लगी। कार में सेंट्रल लॉक होने के चलते दोनों वाहन में ही फंस गए। जिसके बाद वह किसी तरह शीशा तोड़कर बाहर निकला। इस दौरान भयावह आग में पत्नी को निकालने का कोशिश करते रहा लेकिन सफलता नहीं मिली।तरैया थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के बगही में वाहन में आग लगने से एक दंपती घायल हो गए, जिसमें पत्नी की मौत हो गई है। पति घायल है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस तरह कई हादसे आए-दिन होते हैं, जब कार का सेंट्रल लॉक न खुलने से जान पर बन आती है। ऐसे में जानिए सेंट्रल लॉक न खुलने की सिचुएशन में जान लेकिन कई बार ये लॉकिंग सिस्टम जाम हो जाता है और कार का दरवाजा खुल नहीं पाता है।



### बांस के बगान में लगी लगी आग

**जहानाबाद।** के शकुराबाद थाना क्षेत्र में बांस के बगान में आग लगने का मामला सामने आया है। घटना धर्मपुर गांव की बताई जा रही है। वहीं आग लगने से पूरे गांव में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने बताया कि देखते-देखते आग ने कई पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद घटना की सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी गई। पुलिस ने अग्निशमन विभाग को सूचित किया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान कई दर्जन पेड़ जलकर राख हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना हो सकती थी। आगे कैसे लगी इसका जानकारी अब तक नहीं मिल सकी है।

# बचपन



## बायां कान छू लिया तो हो गया एडमिशन



बहुत साल पहले की बात है। उस समय में जन्मदिन तिथियों के तौर पर याद रखे जाते थे। तिथियां बदलती थीं तो बच्चे की ठीक-ठीक आयु बता पाना मुश्किल होता था। अब स्कूल कब भेजें, किस उम्र में, यह सवाल उठा, तो हमारे ज्ञानी गुरुजनों ने इसका एक तरीका निकाला। स्कूल में दाखिले के समय बच्चे से कहा जाता कि अपने दाएं हाथ को सिर के ऊपर से ले जाते हुए बायां कान छुओ। अगर बच्चा ऐसा कर पाता तो उसे दाखिला मिल जाता। यह मामूली टेस्ट नहीं है। समझदारी का बिलकुल सरल परीक्षण है।

बच्चे की समझ और उसके शरीर व मस्तिष्क की परिपक्वता को देखते हुए ही उसका किसी स्कूल में दाखिला कराया जाता था। समझ को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग क्लासेस होती हैं। केजी 1, केजी 2, फिर पहली कक्षा और इसी तरह दूसरी, तीसरी और आगे की तमाम कक्षाएं।

दरअसल, कक्षाओं पर आधारित शिक्षा का मकसद होता है कि विद्यार्थी जो भी सीखें उसे एक सिलसिलेवार तरीके से सीखें। अलग-अलग कक्षा के होने से हमें उसी के अनुरूप या फिर यूं कहें कि समकक्ष संगी-साथी मिलते हैं। सोचो, अगर आपको पहली कक्षा में न बैठाकर सीधे आठवीं या दसवीं कक्षा के विद्यार्थी के साथ बैठा दिया जाए तो कैसा लगेगा? विभिन्न कक्षाओं के होने से कोई भी बच्चा क्रमश धीरे-धीरे चीजों को सीखता है। कक्षाएं होने से विद्यार्थी की समझने की क्षमता के अनुरूप ही विषय सामग्री बनाई जाती है, ताकि उस विषय सामग्री यानी किताबें, कोर्स आदि उस दरे के बच्चे को समझने में दिक्कत न करें। कक्षाओं के होने से आपको एक फायदा भी है। आपके पड़ोस में रह रहे राहुल को भी वहीं चीजो पढ़नी होती हैं। भले ही वो आपसे पढ़ने में कितना ही तेजी से क्यों न हो। इस तरह आप अपनी ही आयु के अन्य बच्चों से काफी कुछ सीख भी सकते हैं। अपनी ही आयु के बच्चों के साथ एक क्लास में बैठने से खुद को सहज भी महसूस करते हैं। यानि क्लास रूप वो स्थान है जहां सभी एक आयु के, एक-सा कोर्स पढ़ने वाले और एक सी ही परीक्षा देने वाले, कोई बड़ा-छोटा नहीं, कोई भेदभाव नहीं।

## पेड़ पौधे भी देते हैं सीख



प्रकृति में पेड़-पौधे, सूरज, हवा, हिमकण और सितारें सब शामिल हैं। ये सभी हमें जीवन देते हैं। इनका वजूद हम सबके अस्तित्व के लिए बहुत जरूरी है। इस बात से तो आप भी इत्तेफाक रखते ही होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये भी हमें बहुत कुछ सिखाते हैं। बिना कुछ कहे ही ये हमें सब कुछ बताते हैं बस जरूरत है तो उन्हें समझने की।

धरती को हरी-भरी बनाने के साथ हमें ऑक्सीजन की सौगात देते हैं, जिसे हम प्राणवायु कहते हैं।



पेड़-पौधे अपने भोजन की स्वयं ही व्यवस्था करते हैं। मिट्टी से पोषक तत्व और पानी को सोखते हैं और फिर सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा लेकर, भोजन बनाते हैं। आप इनसे आत्मनिर्भर बनने की सीख ले सकते हैं। पेड़ की छांव तेज धूप में आपको शीतलता प्रदान करती है। वहीं इसके फल बहुत मीठे और रसीले होते हैं। पेड़ के फल तो आपके और हमारे लिए ही होते हैं। इस तरह से ये हमें सुरक्षा और परोपकार की सीख देते हैं।

इनकी सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि ये चाहें कैसे भी टेढ़े-मेढ़े हों, दूसरे पेड़ ही तरह नहीं बनने की कोशिश करते। यानी इन्हें खुद पर और अपनी काबलियत पर नाज होता है। यानि आप जो भी हो जैसे भी हो, वही रहना चाहिए। आत्मविश्वास से भरपूर बने रहना चाहिए। ये कुछ भी बर्बाद नहीं करते, अपने पोषक तत्वों को धरती से सोख लेते हैं। समय को बिना गंवाए अपने विकास के लिए लगातार लगे रहते हैं। पेड़ो से आप ये चार चीजें और भी सीख सकते हैं। ऑक्सीजन आपको जीवन देती हैं परन्तु यदि आपमें आत्मनिर्भता, सुरक्षा जैसे गुण आ जाएं तो आप अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

### पहेलियां

1. मुझमें भार सदा ही रहता
   जगह घेरना मुझको आता
   हर वस्तु से गहरा रिश्ता
   हर जगह मैं पाया जाता।
2. ऊपर से नीचे बहता हूं
   हर बर्तन को अपनाता हूं
   देखो मुझको गिरा न देना
   वरना कठिन हो जाएगा
   भरना।
3. लोहा खींचू ऐसी ताकत है
   पर रबड़ मुझे हराता है
   खोई सूई में पा लेता हूं
   मेरा खेल निराला है।

**उत्तर**

1. गैस, 2. द्रव्य, 3. कांच

## जैरी भाग, टॉम आया, टॉम बच, जैरी आया



**टॉम हो या जैरी, दोनों एक-दूसरे के पीछे पड़े रहते हैं। दोनों किसी का कुछ बिगाड़ना नहीं चाहते, बस, छीनना चाहते हैं, तो एक-दूजे का सुकून। यानि बस तंग करना ही मकसद है। इनके खेल बड़े मज़ेदार होते हैं।**



**आपको भी पंसद है न। तो चलिए, कुछ जानते हैं इनके बारे में**

-

गर्मी के दिन थे। जैरी अपने घर में चादर ओढ़े आराम से सो रहा था। तभी उसके नाक में पनीर की खुशबू ने प्रवेश किया। पनीर उसे बहुत पसंद था, वह पलंग से उछल पड़ा और उस दिशा में चल पड़ा, जहां से खुशबू आ रही थी। अपने घर के छोटे-से दरवाजे से निकलते ही उसे सामने पनीर का एक बड़ा टुकड़ा दिखाई दिया। वह खुशी से उछल पड़ा, हुर्रर्र..। उसके मुंह से लार टपकने लगी। जैसे ही उसने टुकड़े की ओर हाथ बढ़ाया, वैसे ही पीछे से टॉम ने उसे पकड़ लिया। जैरी समझ गया था कि टॉम ने ही उसे पनीर का लालच देकर फंसाया है। टॉम ने जैसे ही जैरी को खाने के लिए अपना मुंह खोला, जैरी ने उसके मूंछों के बालों को ज़ोर से खींच दिया। दर्द के कारण जैरी के हाथों से टॉम छूट गया। जैरी भागा और टॉम भी उसके पीछ-पीछे भागा। इस तरह फिर से शुरूहो गया चूहे-बिल्ली का वह खेल, जिसके करोड़ो बच्चे दीवाने हैं।

### टॉम एंड जैरी का जन्म

जोसफ बारबेरा बैंकिंग हमेशा कागज़ों पर आड़ी-तिरछी लकीरें खींचकर लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश किया करते थे। हालांकि, उनका मकसद बैंकिंग के क्षेत्र में काम करने का था लेकिन उनको काटरून बनाने का भी काफी शौक था। उनके काटरून जल्द ही पत्र-पत्रिकाओं में छपने भी लगे। 1930 के दशक के आखिरी में मैट्रो गोल्डवेन मेयर फिल्म स्टूडियो में उनकी मुलाकात हाना से हुई। इसी मुलाकात में दोनों ने एक ऐसा कार्टून सीरियल बनाने का सोचा, जो एक घरेलू बिल्ली और एक चूहे के बीच लगातार चलने वाली दुश्मनी पर केन्द्रित हो। इसी सोच के साथ उन्होंने टॉम एंड जैरी काटरून पात्रों को छोटे पर्दे पर साकार किया।

जोसेफ-हाना की जोड़ी ने 17 साल के सफर में टॉम एंड जैरी सीरीज़ के लिए सात ऑस्कर पुरस्कार हासिल किए और कुल 14 बार इन्हें पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।

### मज़ेदार है चूहे-बिल्ली की यह खेल

एक शरारती चूहा और एक खुराफाती बिल्ली, अगर एक ही घर में हों, तो दिलचस्प घटनाओं की भरमार हो जाती है। टॉम एंड जैरी के द्वारा एक दूसरे का पीछा करने और आपसी लड़ाई में हास्यास्पद भिड़ंत शामिल है। इसी कारण 70 सालों से लेकर आज तक यह दुनियाभर में न केवल बच्चों द्वारा बल्कि उनके अभिभावकों द्वारा भी पसंद किया जाता है। भारत में इसकी लोकप्रियता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि टॉम एंड जैरी के कार्यम हिंदी के साथ ही अंग्रेजी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में भी प्रसारित किए जाते हैं।

आखिर यह भाग-दौड़ क्यों?



प्रत्येक कार्टून फिल्म की कहानी आमतौर पर जैरी को पकड़ने के लिए टॉम के अनगिनत प्रयासों और उसके कारण हुई हाथापाई और दौड़ा-भागी पर आधारित होती है। इनको देखकर यह समझना मुश्किल है कि आखिर ?यों टॉम, जैरी का इतना अधिक पीछा करता है। काटरून को देखकर जो अंदाज़ा लगाया जा सकता है, उसके हिसाब से कुछ कारणों में एक बिल्ली का एक चूहे के साथ बैर, अपने मालिक के आदेश का पालन, टॉम को सौंपे गए कार्यों को जैरी द्वारा बिगाड़ने की कोशिश, जैरी द्वारा टॉम के मालिक का भोजन खा जाना, जिसकी निगरानी का जिम्मा टॉम को सौंपा गया है, दूसरे को चिढ़ाने की भावना, जेरी द्वारा टॉम के अन्य संभावित शिकारों (जैसे कि बतख, चिड़िया या मछली) को खाए जाने से बचाना, दूसरी बिल्ली से प्रतिस्पर्धा आदि शामिल हैं।

### थोड़ी तकरार-थोड़ा प्यार

ऐसा नहीं है कि यह जोड़ी हमेशा लड़ाई ही करती रहती है, कभी-कभी ये दोनों वास्तव में एक-दूसरे के साथ अच्छी तरह व्यवहार करते भी दिखाई देते हैं। 'जैरी एंड द लॉयन' में जब जेरी को एक शरारत सूझती है और वह मरने का नाटक करने लगता है, जिससे कि टॉम यह सोचे कि उसने जैरी को गोली मार दी है। जैरी को लेटा देखकर टॉम प्राथमिक चिकित्सा किट लेकर दौड़ता हुआ आता है। इससे पता चलता है कि टॉम और जैरी में तकरार के बाद भी प्यार छिपा हुआ है। साथ ही दिलचस्प बात यह है कि कई सारे चित्रों में भी टॉम तथा जैरी एक दूसरे पर मुस्कुराते हुए दिखाए गए हैं, जो प्रत्येक काटरून में दूसरे पर प्रदर्शित अत्यधिक झुंझलाहट के बजाय प्यार-तकरार का रिश्ता अंकित करता है।

जैरी की चालाकी और किस्मत की वजह से टॉम शायद ही कभी जैरी को पकड़ने में सफल हो पाएगा, लेकिन इतना तो अवश्य है कि इन दोनों के दौड़-भाग का यह खेल हमेशा लोगों को गुदगुदाता रहेगा।

### टॉम एंड जेरी कौन हैं?

टॉम का असली नाम थॉमस है, जो कि नीली-स्लेटी आंखों वाला ब्रिटिश घरेलू बिल्ला है। जैरी भूरे रंग का छोटा-सा चूहा है। शुरुआती कहानियों में टॉम का नाम जैस्पर और जैरी का जिंक्स था। टॉम को गुस्सा जल्दी आता है, जबकि जैरी अवसरवादी और खुशदिल है। वैसे तो कहा जाता है कि बिल्लियां बड़ी चालाक होती हैं, लेकिन टॉम और जैरी की कहानी में टॉम की हर फुर्ती को जैरी का दिमाग बड़ी आसानी से हरा देता है। हालांकि, हर कहानी में जीत जैरी की होती है लेकिन कहीं अगर जैरी अपनी सीमाएं तोड़ देता है, या कहीं किसी बुराई का साथ दे बैठता है, तो टॉम की विजय भी होती दिखाई देती है।

मनोविज्ञानी कहीं-कहीं इस चूहे-बिल्ली की कहानी को महज़ शरारत नहीं मानते। यह दूसरे को नुकसान पहुंचाने की कहानी भी बन जाती है। उनका कहना है कि बच्चों को सिर्फ शो का मज़ा लेना चाहिए। किसी भी तरह से ऐसे खेलों को अपने दोस्तों या बच्चों के साथ नहीं खेलना चाहिए। टॉम एंड जैरी के खेल काल्पनिक हैं, इनकी नकल करना घातक हो सकता है।




## जाने डॉल्फिन के बारे में

डॉल्फिन को हम अक्सर मछली कहते है परन्तु वास्तव में डॉल्फिन एक मछली नहीं है। वह तो एक स्तनधारी प्राणी है। जिस तरह व्हेल एक स्तनधारी प्राणी है वैसे ही डॉल्फिन भी इसी कैटेगरी में आती है। यह एक छोटी व्हेल की ही तरह है। डॉल्फिन का रहने का ठिकाना संसार के समुद्र और नदियां हैं।

डॉल्फिन को अकेले रहना पसंद नहीं है यह सामान्यतः समूह में रहना पसंद करती है। इनके एक समूह में 10 से 12 सदस्य होते हैं। हमारे भारत में डॉल्फिन गंगा नदी में पाई जाती है लेकिन गंगा नदी में मौजूद डॉल्फिन अब विलुप्ति की कगार पर है। डॉल्फिन की एक बड़ी खासियत यह है कि यह कंपन वाली आवाज निकालती है जो किसी भी चीज से टकराकर वापस डॉल्फिन के पास आ जाती है।

इससे डॉल्फिन को पता चल जाता है कि शिकार कितना बड़ा और कितने करीब है। डॉल्फिन आवाज और सीटियों के द्वारा एक दूसरे से बात करती हैं। यह 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तैर सकती है। डॉल्फिन 10-15 मिनट तक पानी के अंदर रह सकती है लेकिन वह पानी के अंदर सांस नहीं ले सकती। उसे सांस लेने के लिए पानी की सतह पर आना पड़ता है।



# देशभर में लाखों की ठगी करने वाला विदेशी मास्टरमाइंड दिल्ली से गिरफ्तार

## विदेश से डॉलर तथा गिफ्ट भेजने का देता था झांसा, उत्तराखंड एसटीएफ ने दबोचा

एजेंसी

**देहरादून :** विदेश से डॉलर तथा गिफ्ट भेजने के नाम पर देश भर में लाखों की ठगी करने वाले विदेशी मास्टरमाइंड को उत्तराखंड एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। ये विदेशी साइबर ठग जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नए-नए तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहा था। एसटीएफ ने ठग को यूएस डॉलर को इंडियन करेंसी में कनवर्ट करने के नाम पर 13,61,700 रुपये धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। दरअसल, कुछ दिन पूर्व साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर देहरादून निवासी एक महिला ने सूचना दर्ज कराई कि अज्ञात साइबर ठगों ने उससे फेसबुक-व्हाट्सअप आदि




के माध्यम से संपर्क किया और स्वयं को डॉ. विलियम राइकर यूएसए में प्रसूतिशास्त्री डॉक्टर बताकर विदेश से 25 हजार यूएस डॉलर, गिफ्ट आईटम, ब्रेसलेट, ज्वैलरी और मोबाइल फोन, वॉच, पर्स समेत कई अन्य कीमती सामान पार्सल से भेजने का प्रलोभन दिया। फिर कस्टम डिमार्टमेंट दिल्ली से पार्सल आने का लालच देकर बैंक खाते में यूएस डॉलर को इंडियन करेंसी में कनवर्ट करने व विभिन्न कर के नाम पर कुल 13,61,700 रुपये धोखाधड़ी से भिन्न-भिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित करवा लिया। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पर अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अनावरण के लिए साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन पर पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्र के नेतृत्व में टीम गठित किया गया और विवेचना साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला के सुपुर्द की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल नंबर व संबंधित खातों आदि की जानकारी व तकनीकी विश्लेषण किया तो अपराध में संलिप्त अपराधियों का दिल्ली से संबंध पाया गया, फिर टीम को दिल्ली रवाना किया गया। पुलिस ने विदेशी (नाईजीरियन) अभियुक्त को मोहन गार्डन दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चार मोबाइल, एक लैपटॉप मय बैग व चार्जर, दो पासपोर्ट भी बरामद किया।

**अपराध का तरीका**

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह प्रसूतिशास्त्री डॉक्टर बन लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती करता है, फिर विश्वास में लेकर उनके लिए विदेशी मुद्रा तथा विदेश से गिफ्ट भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करता है। इसके लिए वह विदेशी नागरिक बनकर विदेश से धनराशि व गिफ्ट भेजने का झांसा देता है और भिन्न-भिन्न बैंक अकाउंट में धनराशि जमा कराकर ठगी करता है।

# इजराइल पर हिजबुल्ला का ताबड़तोड़ हमला

एजेंसी

**यरुशलम :** ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने शुक्रवार को इजराइल पर लगातार तीसरे दिन राकेटों से ताबड़तोड़ हमला किया। इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 35 राकेटों में से अधिकांश को मार गिराया। हालांकि कुछ रॉकेट ने इजरायल को नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद इजराइली लड़ाकू विमानों और टैंकों ने लेबनान के हिजबुल्ला के कब्जे वाले इलाकों पर हमले किए। इन हमलों में दो लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की सूचना है। ताजा हमले में हिजबुल्ला ने इजराइल के सीमावर्ती शहर किरयात शिमोना और सीमा के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। लेकिन सीमावर्ती शहर को महीनों पहले ही खाली कराए जाने से वहां पर कोई जन हानि नहीं हुई। हमले से कई भवनों और कारों को नुकसान हुआ है। इससे पहले मंगलवार को इजराइली हमले में हिजबुल्ला के एक शीर्ष कमांडर के मारे जाने के बाद से सशस्त्र संगठन इजरायल पर लगातार राकेट हमले कर रहा है। आठ अक्टूबर, 2023 से जारी इजरायल और हिजबुल्ला की लड़ाई में 300 से ज्यादा हिजबुल्ला लड़ाके और 18 इजरायली सैनिक मारे गए हैं। इसके अतिरिक्त दोनों पक्षों के 90 से ज्यादा नागरिक मारे गए हैं। हिजबुल्ला हमास के समर्थन में इजराइल पर अक्टूबर 2023 से हमले कर रहा है। गाजा में शुक्रवार को भी इजराइली हमले जारी रहे। इन हमलों में 34 लोगों के मारे जाने की सूचना है। इस बीच हमास ने कहा है कि रफाह में इजराइल के हवाई हमले में दो इजराइली बंधक मारे गए हैं। हमास ने कहा है कि 120 बंधक अभी उसके पास हैं।

# विधानसभा चुनाव भी साथ मिलकर लड़ेंगे महाविकास आघाड़ी के घटक दल : उद्धव ठाकरे

एजेंसी

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि महाविकास आघाड़ी के सभी घटक दल लोकसभा चुनाव के जैसे ही विधानसभा का चुनाव भी मिलकर लड़ेंगे। उद्धव ने बताया कि इस संदर्भ में आज सहयोगी दलों की पहली बैठक हुई है। इसमें यह तय किया गया है कि सभी घटक दल राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों का जायजा लेंगे और उसके बाद उम्मीदवार तय करने पर चर्चा करेंगे। उद्धव ठाकरे मुंबई में महाविकास आघाड़ी की संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राकांपा(एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और जयंत पाटिल उपस्थित थे। उद्धव ने कहा



कि लोकसभा चुनाव में सभी धर्म एवं वर्ग के मतदाताओं ने लोकशाही बचाने के लिए मतदान किया है। राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में 18 सभाएं कीं और रोड शो भी किए। उन जगहों पर हमारे उम्मीदवारों को फायदा हुआ। शरद पवार ने मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि वह विधानसभा चुनाव में जितनी अधिक सभाएं करेंगे, हमें उतना ही फायदा होगा। विधानसभा चुनाव में सभी सहयोगी साथ मिलकर चुनाव की तैयारी करेंगे और साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि महाविकास आघाड़ी में छोटे-बड़े का कोई मतभेद नहीं है। आज प्राथमिक बैठक हुई है। इसके आगे भी सहयोगी दल बैठक करेंगे और मूल मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। सहयोगी दल आपस में मिलकर राज्य की सभी सीटों पर जीतने वाले उम्मीदवार का चयन करेंगे और उसे विजई बनाने का प्रयास करेंगे।

# दिल्ली में गहराते जल संकट के खिलाफ सड़क पर उतरेगी भाजपा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में जल संकट गहराता जा रहा है। लोगों को पानी की किल्लत से दो चार होना पड़ रहा है। इसको लेकर राजनीति भी गरमाती जा रही है। शनिवार को पानी की कमी को लेकर कांग्रेस की दिल्ली ईकाई ने मटका फोड़ प्रदर्शन किया। इस जल संकट के खिलाफ अब भारतीय जनता पार्टी भी सड़क पर उतरेगी। रविवार को दिल्ली भाजपा की सभी जिला इकाइयां आम आदमी पार्टी सरकार के अपने-अपने जिलों के प्रमुख स्थानों पर विरोध प्रदर्शन करेंगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा शाहदरा जिला इकाई के विरोध प्रदर्शन में लक्ष्मी नगर चौक पर शामिल होंगे।



सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी संगम विहार में हमदर्द बिल्डिंग के बाहर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे, सांसद कमलजीत सहरावत पानी की टंकी, नजफगढ़ में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगी। सांसद योगेंद्र चंदोलिया नॉर्थ वेस्ट जिले के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व स्टेट बैंक चौक, जहांगीरपुरी में करेंगे जबकि सांसद बंसुरी स्वराज डीजेबी ऑफिस सेक्टर 7, आर.के. पुरम में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगी। विधायक अजय महावर नॉर्थ ईस्ट जिले के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व 100 फीट रोड, बुराड़ी में करेंगे जबकि विधायक जितेंद्र महाजन नवीन शाहदरा जिले के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व दुगापुरी चौक पर करेंगे।

# भारत ने दो वर्षों में 40 से अधिक क्वांटम टेक्नोलॉजी स्टार्ट-अप किए तैयार : डॉ जितेंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने दो वर्षों में 40 से अधिक क्वांटम प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप का उत्पादन किया है, उनमें से कुछ वैश्विक क्षमता वाले हैं। भारत 'दुनिया की स्टार्टअप राजधानी' बन रहा है। साल 2014 से पहले इसकी संख्या कुछ ही थी जो साल 2024 में बढ़कर 1.25 लाख से अधिक हो गया है और 110 से अधिक यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स अंतरिक्ष जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट काम कर रहे हैं। शनिवार को नई दिल्ली में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने अधिकारियों को प्रमुख राष्ट्रीय क्वांटम मिशन पर ध्यान केंद्रित करने और क्वांटम प्रौद्योगिकियों और क्वांटम संचार के विकास पर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्वांटम प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत वर्तमान में अन्य देशों के साथ बराबरी पर है। हमारा मिशन और दृष्टिकोण क्वांटम प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना होना चाहिए। डॉ जितेंद्र सिंह ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में स्टार्टअप और निजी क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए 'आईआईटी मद्रास' द्वारा स्थापित बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप 'क्यूएनयू लैब्स' की सफलता की कहानी साझा की।


# मप्र के मदरसों में 9417 हिंदू बच्चों को उर्दू के साथ दी जा रही इस्लाम की तालीम

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मदरसों में हिंदू बच्चे भी पढ़ रहे हैं। ऐसे कुल 9,417 हिंदू बच्चे हैं, जिन्हें मदरसों में उर्दू के साथ इस्लाम की तालीम दी जा रही है। चौकाने वाली बात यह है कि इन मदरसों को प्रदेश सरकार आर्थिक सहायता भी प्रदान कर रही है। मदरसों में न तो सुरक्षा के इंतजाम हैं और न ही एनसीईआरटी की शिक्षा व्यवस्था लागू है। यह खुलासा शुक्रवार को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने किया है। कानूनगो ने शुक्रवार को भोपाल प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में

▸ अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग प्रियंक कानूनगो ने किया खुलासा

मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, लेकिन इस ओर स्कूल शिक्षा विभाग का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार से हिंदू बच्चों को तत्काल मदरसों से बाहर निकालकर स्कूलों में प्रवेश दिलाने की मांग करते हुए कहा कि हम प्रदेश सरकार को पहले भी मदरसों का सर्वे और उनकी मैपिंग कराने की मांग कर चुके है। इसमें यह भी देखा जाना चाहिए कि इन मदरसों में पढ़ाने वाले शिक्षक निर्धारित



शैक्षिक योग्यता पूरी करते हैं या नहीं।

**18 जून को मुख्य सचिव को तलब किया**

कानूनगो शुक्रवार को मंत्रालय भी पहुंचे। उन्होंने यहां प्रदेश में बाल संरक्षण की स्थिति जानने के 12 विभागों की समीक्षा की। उनके अनुसार, वक्फ बोर्ड ने जानकारी दी है कि प्रदेश में चार यतीम खाने संचालित हैं, लेकिन यह किशोर न्याय अधिनियम के तहत शासन में पंजीकृत नहीं हैं। ऐसे सभी मुद्दों को लेकर आयोग ने 18 जून को मप्र के मुख्य सचिव को रिपोर्ट के साथ तलब किया है।

आयोग ने प्रदेश के डिंडोरी, दमोह में सरकारी मदद से चल रहे मिशनरी आश्रमों और एनजीओ की जानकारी भी मांगी है। मध्य प्रदेश में ऐसे 56 आश्रम, 30 स्कूल संचालित हैं। कानूनगो ने बताया कि मध्य प्रदेश में लगभग एक हजार बच्चे एचआईवी से पीड़ित हैं। पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत 2221 मामले दर्ज किए गए हैं लेकिन मध्य प्रदेश में ऐसे मामले अधिक हैं। इसकी हम जांच करेंगे। आयोग ने पुलिस मुख्यालय से ऐसे पीड़ित बच्चों का डाटा और दर्ज प्रकरणों की जानकारी मांगी है।

## एक नजर

### पंजाब के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन, मजदूरों को होगी सहूलियत

**सहरसा :** समस्तीपुर रेल मंडल के एसीएम आरके सिन्हा और समस्तीपुर डीसीआई राजेश रंजन श्रीवास्तव के अलावा डिवीजन के अन्य अधिकारियों ने सहरसा जंक्शन का निरीक्षण किया। संबंधित विभागों से यात्री सुविधाओं का डाटा भी अवलोकन किया। सहरसा में एसीएम के पहुंचते चेकिंग व्यवस्था बढ़ा दी गई। शुक्रवार को सहरसा जंक्शन की सर्वाधिक रेल राजस्व हुई। सिर्फ एक दिन में शुक्रवार को सहरसा जंक्शन ने 43.22 लाख की सर्वाधिक कमाई की जो की डिवीजन के सभी स्टेशनों से सबसे अधिक सर्वाधिक रहा। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी दी कि यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाएगी। वही गर्मी के मद्देनजर वाटर कूलर और पंखे की संख्या बढ़ाई जाएगी।सहरसा के अलावा अन्य स्टेशनों पर भी यात्री सुविधा में काफी बढ़ोतरी होगी। वही 14617/18 पूर्णिया कोर्ट सहरसा-अमृतसर रोजाना चलने वाली जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन में 2 से 3 अतिरिक्त कोच भी जोड़े जाएंगे। इसके लिए डिवीजन से सहरसा जंक्शन पहुंचे रेल अधिकारियों ने शनिवार को क्राउड मैनेजमेंट की स्थिति को देखते हुए रेल मुख्यालय को मामले में पूरी तरह से अवगत कराया है। रेल सूत्रों की माने तो 1 से 2 दिनों के अंदर सहरसा से पंजाब के लिए स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाएगी। ताकि मजदूर रेल यात्रियों को सहूलियत मिल सके।

### कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ीं, भाजपा ने साधा निशाना

**नई दिल्ली :** कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3 रुपये और 3.05 रुपये तक बढ़ा दी गई है। राज्य में कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर हमला बोला है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा सामने आ गया है। कर्नाटक में उन्होंने किसान विरोधी, आम आदमी विरोधी आदेश पारित किया, एक फतवा, एक जजिया कर और उन्होंने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 रुपये और 3.05 रुपये की वृद्धि की है। शहजाद ने कहा कि आज एक बात बहुत स्पष्ट हो गई है कि कांग्रेस पार्टी केवल आम आदमी का पैसा लूटना और छीनना चाहती है। राहुल गांधी जिन्होंने कहा था कि खट खट खट खट एक लाख रुपये खातों में जमा किए जाएंगे, क्या वे अब कर्नाटक और हिमाचल में महिलाओं के बैंक खातों में पैसे जमा करेंगे? सिर्फ आम आदमी पर कीमतें बढ़ाकर बोझ बढ़ाएंगे। इस बढ़ोतरी के बाद बेंगलुरु में पेट्रोल की कीमत 99.84 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 102.84 रुपये प्रति लीटर होगई है। डीजल का रेट भी 85.93 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 88.95 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

### शॉर्ट सर्किट से एसी में लगी आग, दम घुटने से दंपती की मौत

**जयपुर :** जवाहर नगर थाना इलाके में शनिवार देर शाम एक शॉर्ट सर्किट से एसी में आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से दम्पती अंदर गया। दम घुटने से बुजुर्ग दम्पती की मौत हो गई। आग से घर में रखा फर्नीचर सहित अन्य सामान जल गया। थानाधिकारी दौलतराम गुर्जर ने बताया कि बी-37 रामगली नंबर सात राजा पार्क स्थित मकान में शनिवार शाम करीब चार बजे एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में पूरे मकान को आगोश में ले लिया। मकान से धुंआ उठता देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। आग लगने से उस में रह रहे एक बुजुर्ग दम्पती फंस गए। आग से उठे धुएं से उनका दम घुटने लगा। आग की सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बरामद की 12 किलो हेरोइन



**जोधपुर :** श्रीगंगानगर सेक्टर से लगने वाली भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रायसिंहनगर और अनूपगढ़ इलाके में बीती आधी रात में सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के माध्यम से आई चार पैकेट संदिग्ध हेरोइन दो अलग-अलग स्थानों से बरामद की है। बीती मध्य रात्रि को पाकिस्तान की ओर से आए ड्रोन के देखकर हेरोइन तस्करी की सूचना मिली। उक्त सूचना के आधार पर सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ड्रोन की आवाज सुनाई देने पर तुरंत प्रभाव से ड्रोन की दिशा में फायरिंग की। इलाके की सघन तलाशी के दौरान रायसिंहनगर क्षेत्र से दो और अनूपगढ़ क्षेत्र से दो कुल चार पैकेट संदिग्ध हेरोइन बरामद की। तलाशी के दौरान कोई ड्रोन बरामद नहीं हो पाया है, हालांकि पुलिस को इलाके में गहन नाकाबंदी करने की सूचना दे दी गई है, ताकि हेरोइन मंगाने वाले तस्करों को दबोचा जा सके। इस ऑपरेशन के तहत बरामद की गई संदिग्ध हेरोइन का वजन लगभग 12.88 किलोग्राम (पैकिंग सामग्री सहित) है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये आंकी गई है। उक्त बरामद हेरोइन को सीमा सुरक्षा बल आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित एजेंसी को जांच के लिए सुपुर्द करेगी। इससे पहले भी पाकिस्तान द्वारा ड्रोन से भारतीय सीमा में हेरोइन की तस्करी कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसे सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा लगातार नाकाम किया जा रहा है।

### नीट-यूजी में कथित धांधली के विरोध में 19-20 जून को सड़क पर उतरेंगे छात्र : जेएनयूएसयू अध्यक्ष



**नई दिल्ली :** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के अध्यक्ष धनंजय ने राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 में कथित धांधली के विरोध में 19-20 जून को राष्ट्रीयव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। जेएनयूएसयू अध्यक्ष ने शनिवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार की कहानी कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर धांधली उजागर होने के बाद देशभर के छात्रों को एहसास हो गया है कि नीट-यूजी 2024 में जो हुआ वह एक नमूना मात्र है असल बीमारी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ही है। छात्र नेता ने कहा कि एनटीए ने भ्रष्टाचार को संस्थाबद्ध कर दिया है। हम इसके विरोध में नीट आवेदकों और अभिभावकों के साथ अब सड़कों पर उतरेंगे। परीक्षा में कथित धांधली के लिए सरकार की ओर से बनाई गई समिति पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में एनटीए का रवैया शर्मनाक है। घोटाले के बाद, घोटाले की जांच भी अब घोटाले के अभियुक्त करेंगे। आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत ने पत्रकारों से कहा कि हम परीक्षा में विसंगतियों के खिलाफ छात्रों का बड़े पैमाने पर आक्रोश देख रहे हैं। आइसा इस आंदोलन में पूरी तरह शामिल है। उन्होंने कहा कि हम सरकार से नीट परीक्षा को फिर से आयोजित करने, घोटाले की उच्च स्तरीय जांच और एनटीए को खत्म करने की मांगों को लेकर सड़क पर उतरेंगे।

### शराब बनाने की नामी फैक्टरी पर छापे में 58 बाल मजदूर मुक्त कराए गए

**नई दिल्ली :** बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन ( बचपन बचाओ आंदोलन) के साथ मिलकर मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में शराब बनाने की एक नामी फैक्टरी पर छापे की कार्रवाई में 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। बचपन बचाओ आंदोलन की सूचना पर एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की अगुवाई में ह्यसोम डिस्टिलरीह्न पर मारे गए इस छापे में मुक्त कराए गए बच्चों में 19 लड़कियां और 39 लड़के हैं। इस मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है और मुक्त कराए गए बच्चों को सुरक्षित जगह भेज दिया गया है। बच्चों को मुक्त कराने की इस कार्रवाई पर संतोष जाहिर करते हुए बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीष शर्मा जो कि छापामार टीम में भी शामिल थे, उन्होंने कहा, अल्कोहल और रसायनों की दुर्गंध हम जैसे वयस्कों के लिए भी असहनीय है। कल्पना ही की जा सकती है कि ये बच्चे इन स्थितियों में कैसे रोजाना इतने घंटे काम कर रहे थे। हम इस डिस्टिलरी के मालिकों के खिलाफ बहुत सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं ताकि यह दूसरों के लिए भी एक उदाहरण साबित हो सके। हम ऐसी भयावह स्थितियों में काम करने वाले बच्चों को मुक्त कराने का अपना अभियान जारी रखेंगे, लेकिन देश को बाल मजदूरी के खिलाफ कड़े कानूनों और इसके खिलाफ निगरानी बढ़ाने की जरूरत है। सरकार से हमारी अपील है कि वह बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी को रोकने के लिए कड़े से कड़े कदम उठाएं ताकि बच्चों के साथ इस अन्याय और अत्याचार को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 14 जून को एनसीपीसीआर ने आंदोलन की शिकायत पर इसी जिले के मंडीदीप कस्बे में छापे की कार्रवाई में 25 लड़कियों सहित कुल 36 बाल मजदूरों को मुक्त कराया था। एनसीपीसीआर ने जून को 'एक्शन मंथ' घोषित कर रखा है और पूरे देश में बच्चों की ट्रैफिकिंग और उन्हें बाल मजदूरी से मुक्त कराने के इस अभियान में आंदोलन उसका सहयोग कर रहा है।

### नेपाल की संसद में भारतीय पर्यटकों से दुर्व्यवहार का मामला उठा

**काठमांडू :** नेपाल की संसद में भारतीय पर्यटकों के साथ सीमा नाका पर हुए दुर्व्यवहार का मामला संसद में हुआ है। सुरक्षाकर्मियों के दुर्व्यवहार पर सरकार से तत्काल जवाब मांगा गया है। यह मामला प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के धवल शमशेर राणा ने उठाया। उन्होंने कहा कि हवाई मार्ग से आने वाले भारतीय पर्यटकों के मुकाबले सड़क मार्ग से आने वाले पर्यटकों की संख्या कई गुना अधिक होती है। नेपाल की सीमा में प्रवेश करते समय नेपाल के सुरक्षाकर्मी उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं। इस कारण पर्यटकों की संख्या में कमी हो रही है। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और पर्यटन मंत्री को संसद में इस पर जवाब देना चाहिए। नेपालगंज के पूर्व धवल शमशेर राणा ने कहा कि अगर सुरक्षाकर्मियों की आदत नहीं बदली तो पर्यटकों की संख्या कम जाएगी। सुरक्षाकर्मी पर्यटकों से अवैध वसूली भी करते हैं। राणा ने सरकार से मांग की है कि भारत के लोगों को अधिक से अधिक भारतीय मुद्रा साथ लाने की इजाजत दी जाए, जिससे वो नेपाल आकर दिल खोल कर खर्च करें।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह** * ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**